दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



रोमांटिक - स्पाई के बाद अब हॉरर फिल्म बनाएगा यशराज बैनर



आउटसाइडर कहे जाने पर छलका दर्द

वर्ष : 12 अंक : 226 लखनऊ, 09 अगस्त, रविवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### पैसा बोलता है, साफ होते हैं भ्रष्ट: खरगे

हल्द्वानी। रामलीला मैदान में कांग्रेस की विजय शंखनाद रैली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे



ने भाजपा, केंद्र व राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। खरगे ने रोजगार, सरकारी भर्तियों, पेपर लीक, शिक्षा, कानून व्यवस्था, महंगाई, धार्मिक आस्था और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा किया और कहा, वहां सभी साफ हो रहे।

### साइबर ठगों ने बुजुर्ग से ठगे 8 लाख रुपए

गोरखपुर। पीपीगंज थाना क्षेत्र के जंगल कौड़िया चौकी अंतर्गत विशुनपुर निवासी लालमन साहनी



साइबर ठगी के शिकार हो गए। ठगों ने वीडियो कॉल से खुद को उद्योगपति मुकेश अंबानी बताया और कंपनी में 10 लाख निवेश करने पर 40 करोड़ वापसाका झांसा दिया। ठगों ने अमिताभ बच्चन का नाम लिया।

### अभिषेक ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी

कोलकाता। टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने आंखों के इलाज को विदेश जाने की अनुमति



नहीं देने के कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। हाई कोर्ट ने याचिका यह कहते हुए खारिज की थी कि वे एसएसकेएम अस्पताल के मेडिकल बोर्ड के सामने अपनी मेडिकल स्थिति की जांच कराने के लिए तैयार नहीं थे।

### बेंगलुरु में 5 स्टार होटलों में छापेमारी

बेंगलुरु। कर्नाटक फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की टीम ने बेंगलुरु के 6 बड़े-बड़े 5स्टार



होटलों में छापेमारी की। यहां फूड सुरक्षा नियमों के उल्लंघन हुआ। यहां एक्सपायरी डेट के बाद भी खाने की चीजें रखी मिली। विभाग ने 250 किलो मीट, 207 किलो सब्जियाँ, 32 लीटर दूध, 3किलो बेकरी प्रोडक्ट्स को नष्ट किया।

### पार्किंग की दीवार गिरी 10 गाड़ियां तबाह

नई दिल्ली। इस वक्त की बड़ी खबर राजधानी दिल्ली से आ रही है। यहां दिल्ली के देवली में भारी



बारिश की वजह से एक प्राइवेट पार्किंग की दीवार ढह गई। इस हादसे में 10 से ज्यादा गाड़ियां मलबे में दबकर बुरी तरह तबाह हो गई हैं। इस घटना में किसी की जान नहीं गई। हालांकि इस घटना में गाड़ियों को काफी नुकसान हुआ है। यहां पानी निकलने का रास्ता नहीं था।

---

### प्रधानमंत्री ने आईआईटी दिल्ली के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

# जिंदगी की परीक्षा में सब कुछ आउट ऑफ सिलेबस, सीखने वाला ही सदा आगे बढ़ेगा

## मुझे आप सभी पर गर्व, बेटियों के मेधावी होने से स्थिति और बेहतर होती

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को आईआईटी दिल्ली के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने डिग्री पाने वाले छात्रों को बधाई दी और उनसे देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। समारोह में 587 पीएचडी शोधार्थियों समेत 3,000 से अधिक छात्रों को डिग्री दी गई। छात्रों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व है। जिंदगी की परीक्षा में सब कुछ आउट ऑफ सिलेबस होता है। लगातार सीखने वाला ही आगे बढ़ेगा। छात्राओं के शानदार प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि अगर कुछ बेटियां मेधावी छात्राएं होतीं, तो स्थिति और भी बेहतर होती इस समय छात्र अपने भविष्य को लेकर कई चीजों के बारे में सोच रहे होंगे। इनमें करियर, वेतन, नए शहर में जाना और अपना स्टार्टअप बातें शामिल हो सकती हैं। पीएम मोदी ने आईआईटी दिल्ली के सोनीपत परिसर में 'परम प्रज्ञा' नाम की एआई आधारित हाई-परफॉर्मेंस सुपरकंप्यूटिंग सुविधा का ऑनलाइन उद्घाटन भी किया। इससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, एडवांस कंप्यूटिंग आदि हैं।



प्रतिष्ठित शैक्षणिक पुरस्कार प्रदान किए

पुरस्कार प्रदान करते प्रधानमंत्री मोदी

### शानदार प्रदर्शन करने वालों को पदकों से नवाजा

प्रधानमंत्री ने शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को आईआईटी दिल्ली के प्रतिष्ठित शैक्षणिक पुरस्कार प्रदान किए। इनमें राष्ट्रपति स्वर्ण पदक, निदेशक स्वर्ण पदक, शंकर दयाल शर्मा स्वर्ण पदक और परफेक्ट टेन स्वर्ण पदक शामिल हैं।

### भले ही रास्ते, सपने अलग हों लेकिन एक भावना समान होनी चाहिए

प्रधानमंत्री ने कहा कि हर किसी का अपना अलग रास्ता और सपने होते हैं, लेकिन एक भावना तो सभी में समान होनी चाहिए - आईआईटी दिल्ली में अपना पहला दिन और आज का दिन। ओरिएंटेशन से लेकर दीक्षांत समारोह तक की अपनी यात्रा से आप सभी संतुष्ट महसूस कर रहे होंगे।

### दोस्तों और शिक्षकों के योगदान को याद रखें

पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें आईआईटी दिल्ली में पढ़ाई के दौरान साथ देने वाले दोस्तों, शिक्षकों और कर्मचारियों को हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये लोग उनके सफर का अहम हिस्सा रहे हैं और भविष्य में जब छात्र पीछे मुड़कर देखेंगे, तो उन्हें कैंपस के साथ-साथ इन लोगों की भी याद आएगी।

### भविष्य में जिम्मेदारियां बढ़ेंगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि दीक्षांत समारोह में मौजूद हर विद्यार्थी के मन में आने वाले कल की अपनी तस्वीर होगी। नए अध्याय की शुरुआत को लेकर उत्साह सभी के मन में समान है। उन्होंने विद्यार्थियों से इस पल को पूरी तरह जीने की अपील की और कहा कि भविष्य में जब जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, तो यही यादें उन्हें अतीत की ओर ले जाएंगी।

### चुनौतियों को अवसर में बदलें

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और कोई नहीं बता सकता कि आज से 20-30 साल बाद परिस्थितियां कैसी होंगी। हालांकि, बदलती दुनिया और तकनीक नए अवसर भी लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि जो सीखेगा, वही जीतेगा। जो लोग नई परिस्थितियों और चुनौतियों के लिए तैयार रहते हैं, वे चुनौतियों को अवसर में बदल देते हैं। उन्होंने कहा कि आईआईटी दिल्ली में विद्यार्थियों ने यही सीख हासिल की है।

### देश को लाभान्वित करें

प्रधानमंत्री ने कहा कि तेजी से बदलती दुनिया में वही व्यक्ति सफल होगा, जो लगातार सीखता रहेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले 30-35 वर्षों में युवा जो कुछ करेंगे, वह विकसित भारत की यात्रा को प्रभावित करेगा। इसलिए युवाओं के हर निर्णय का आधार यह भी होना चाहिए कि उससे देश को क्या लाभ होगा और देश की कौन सी जरूरत पूरी होगी।

---

### झारखंड में परीक्षाओं में अनियमितता

# दूसरे दौर की वार्ता भी बेनतीजा छात्र अभी सड़कों पर डटे हुए





अमन लेखनी समाचार / नई दिल्ली,

झारखंड में सरकारी भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के बीच शनिवार को दूसरे दौर की बातचीत हुई। यह वार्ता भी छात्रों की मांगों पर बिना किसी अंतिम निर्णय के समाप्त हो गई। छात्रों का कहना है कि वे भूख हड़ताल वापस लेने का फैसला करने से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष इन मुद्दों के उठाने का इंतजार करेंगे।जेपीएससी-जेएसएससी अभ्यर्थी न्याय मंच का 8 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मोरहाबादी के एक गेस्ट हाउस पहुंचा। बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने मांगों को दोहराने के साथ भर्ती परीक्षाओं के उम्मीदवारों से जुड़ी कई अतिरिक्त मांगें भी रखीं।

### सरकारी पक्ष ने मीडिया के जरिए छात्रों से सुझाव मांगे

बैठक के बाद सरकार की ओर से झामुमो के सुदिव्य कुमार सोनू ने मीडिया को संबोधित करते हुए छात्रों और उम्मीदवारों से अपील की कि वे अपने सुझाव और विचार ईमेल आईडी पर भेजें।

### कल करेंगे विधानसभा घेराव

भूख हड़ताल पर बैठे 2 छात्रों की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सदर अस्पताल ले जाया गया, जबकि कई अन्य प्रदर्शनकारियों की स्थिति भी अस्वस्थ बताई जा रही है। छात्रों ने साफ कर दिया है कि जब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा और हम 10 अगस्त को विधानसभा घेराव के लिए भी तैयार हैं।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा परीक्षा में गड़बड़ी का मामला

## सीबीआई या स्वतंत्र जांच कमेटी से जांच की मांग



संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में गड़बड़ी का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सामाजिक कार्यकर्ता हरीशरण देवगन ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर परीक्षा की जांच सीबीआई या किसी स्वतंत्र जांच कमेटी से कराने की मांग की है। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ियों की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग की गई है।

---

### सिद्धिविनायक चढ़ावा मामले पर बोले मुख्यमंत्री फडणवीस

# अधिकारी 5 साल के रिकॉर्ड की जांच करें और इसकी रिपोर्ट जल्द पेश भी की जाए

अमन लेखनी समाचार / नई दिल्ली,

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में चढ़ावे की राशि में कथित गड़बड़ी की पूरी जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने 5 साल के सभी दस्तावेज की जांच करने का निर्देश दिया है। ट्रस्ट के एक प्रतिनिधिमंडल ने फडणवीस से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री को 2023 से 2026 के बीच मंदिर में चढ़ावे की राशि का पूरा ब्योरा दिया था।



### राज ठाकरे ने लगाया था आरोप

यह आदेश मनसे प्रमुख राज ठाकरे के आरोपों के बाद आया है। राज ठाकरे ने आरोप लगाया था कि मंदिर के चढ़ावे से हर साल करीब 18 करोड़ रुपए का गबन किया जा रहा है। इसके बाद मंदिर के नौ कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया था।

### बदरीनाथ केस में तीसरी गिरफ्तारी

बदरीनाथ धाम के चर्चित चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हिमाचल प्रदेश निवासी मनोज कुमार के रूप में हुई है, जो धाम के पास लामबगड़ स्थित जेपी पावर वेंचर्स की जल विद्युत परियोजना में सुरक्षा गार्ड था।

---

बैठक के सियासी मायनों पर टिकी नजरें

# पीएम मोदी से मिले सीएम योगी, दिल्ली यात्रा ने उत्तर प्रदेश की राजनीति को और 'गरमाया'

## मुलाकात को बड़ी रणनीति के संदर्भ में देखा जा रहा

अमन लेखनी समाचार / नई दिल्ली,

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंचे। सीएम योगी आदित्यनाथ का यह दिल्ली दौरा काफी खास माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इससे पहले सीएम योगी की दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात को बड़े राजनीतिक संदेश के तौर पर देखा जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले हैं चुनाव



### सियासी गलियारों में पारा चढ़ा

सियासी गलियारों में मुलाकात को आगामी चुनाव की तैयारियों और पार्टी की रणनीति के संदर्भ में देखा जा रहा है। योगी आदित्यनाथ की दिल्ली यात्रा ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में चर्चाओं को भी तेज कर दिया है।

### केंद्रीय गृहमंत्री से मिले अरुण भारती

## चिराग ने भी शुरू की तैयारी, भारती ने शाह से की चर्चा, बनाई 'रणनीति'

उत्तर प्रदेश चुनाव को लेकर चिराग पासवान की एलजेपी रामविलास ने भी



जमीन तैयार करनी शुरू कर दी है। पार्टी ने यूपी की सभी 403 विधानसभा सीटों पर संगठन मजबूत करने की तैयारी का दावा किया है।

### आयुध कारखाने की भी बात रखी

भारती ने बताया कि शाह से उनके संसदीय क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर भी बातचीत हुई। खास तौर पर क्षेत्र में आयुध कारखाना स्थापित करने के विषय को उन्होंने गृह मंत्री के सामने रखा।

---

### प्रयागराज में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में बोले एलओपी राहुल

# दर्द, डेटा और दौलत की बात की, यूथ को सर्वोपरि बताया

## पेपर लीक, वोट चोरी, बेरोजगारी और जीएसटी का भी मुद्दा उठाया

अमन लेखनी समाचार / नई दिल्ली,

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी प्रयागराज में छात्रों की गूंज कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने कहा कि यूथ के सामने कोई कुछ नहीं है। मैं दर्द, डेटा और दौलत की बात करूंगा। युवाओं ने देश को रास्ता दिखाया है। युवाओं ने डर का सामना किया और डर को बाहर किया। राहुल ने इसे छात्रों की गूंज के कैप्शन के साथ पोस्ट किया है। राहुल ने कहा कि भाजपा वोट चोरी करवाती है। हर संस्था में आरएसएस प्रचारक बिठाए गए। भारत में रोजगार के सारे दरवाजे बंद हैं। राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान के पास युवा है और सबसे अधिक डेटा युवाओं के पास है, आपके डेटा के बिना एआई का कोई मतलब नहीं।



### 1000 युवाओं में सिर्फ 12 को नौकरी

राहुल ने कहा कि एक ऐसा समय था जब इलाहाबाद देश का सबसे अच्छा यूनिवर्सिटी थी। आज मैं आपसे दर्द, डेटा और दौलत पर बात करने आया हूं। हिंदुस्तान में दुनिया का सबसे बड़ा यूथ पावर है। ये देश की स्ट्रेंथ है। अमेरिका, रूस और चीन की बात होती है। इंडिया के यूथ के आगे ये सब कुछ नहीं है। देश में एक हजार युवाओं में से सिर्फ 12 को परमानेंट नौकरी मिलती है।

### हिंदुस्तान में रोजगार के सारे रास्ते बंद

राहुल ने कहा कि समस्या ये है कि छात्र पढ़ाई करते हैं, पैसा खर्च करते हैं, लेकिन हिंदुस्तान में रोजगार के सारे रास्ते बंद किए हुए हैं। आज दुनिया में आपके मेड इन चाइना, मेड इन बांग्लादेश दिखेगा, लेकिन मेड इन इंडिया नहीं दिखेगा। इसकी वजह नोटबंदी और जीएसटी को लागू करना है।

### करोड़ों रुपए लेकर दिए जा रहे सर्टिफिकेट लेकिन नौकरी नहीं

राहुल ने कहा कि शिक्षा के लिए आपके परिवारों से करोड़ों रुपए लिया जाता है, फिर सर्टिफिकेट दिया जाता है लेकिन ये सर्टिफिकेट आपको नौकरी नहीं दिलाता। यहां पेपर लीक हो जाता है। अमीर बच्चा पेपर खरीद लेता है। राहुल ने कहा कि आप पढ़ाई करते हो, मेहनत करते हो, पैसा खर्च करते हो लेकिन नौकरी नहीं मिलती।

---

### गुजरात हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती

# कोर्ट फीस के बिना वक्फ केस को खारिज कर दिया

अमन लेखनी समाचार / नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई है, जिसमें कोर्ट फीस जमा नहीं करने के कारण वक्फ से जुड़े मुकदमों को खारिज करने के फैसले को बरकरार रखा गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 6 सप्ताह में जवाब मांगा है। यह मामला अहमदाबाद सुन्नी मुस्लिम वक्फ कमेटी की ओर से दायर याचिका से जुड़ा है। याचिका पर सुनवाई जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ ने की।

### यह है पूरा मामला?

गुजरात राज्य वक्फ ट्रिब्यूनल ने पर्याप्त कोर्ट फीस जमा नहीं होने के आधार पर कार्यवाही स्वीकार करने



से इनकार कर दिया था। इसके खिलाफ वक्फ संस्थाओं ने गुजरात हाईकोर्ट का रुख किया था। हाईकोर्ट ने दिसंबर 2025 में इन याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि वक्फ संस्थाओं को कोर्ट फीस से पूरी तरह छूट नहीं मिली हुई है।

# घर के बाहर खेलते समय मारुति वैन की चपेट में आकर घायल मासूम की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजिनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में शनिवार को उन्नाव जिले की एक मासूम बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई। मासूम बच्ची शनिवार सुबह अपने घर के बाहर खेलते समय मारुति वैन की चपेट में आकर घायल हुई थी। जिसके बाद परिजनों ने उसे यहां भर्ती कराया था। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के पुरवा थाना अंतर्गत रतौला गांव निवासी किशन पाल की 3 वर्षीया मासूम बेटी रूही शनिवार सुबह घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान करीब 8 बजे परिवार का ही एक युवक कहीं जाने के लिए मारुति वैन पीछे करने लगा। तभी वैन के टायर की चपेट में आकर बच्ची बुरी तरह घायल हो गई थी। इसके बाद परिजनों ने आनन-फानन उसे करीब 10 बजे बंथरा के जुनाबगंज स्थित प्रसाद हॉस्पिटल पहुंचाया। लेकिन इलाज के दौरान दोपहर लगभग 12 बजे उसकी मौत हो गई। बाद में घटना की सूचना पाकर पहुंची बंथरा पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। इस दौरान बच्ची के परिजनों ने पहले तो उसका पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। लेकिन बाद में वह तैयार हो गए। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि बच्ची के परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। फिलहाल आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# निगोहां प्रेस क्लब में धूमधाम से मना अमरपाल सिंह का जन्मदिन

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। केकेसी छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष अमरपाल सिंह का जन्मदिन शनिवार को निगोहां प्रेस क्लब कार्यालय में उत्साह और सादगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे सैकड़ों समर्थकों सामाजिक कार्यकर्ताओं पत्रकारों एवं गणमान्य लोगों ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं फूल-मालाएं भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। सुबह से ही प्रेस क्लब कार्यालय में बधाई देने वालों का सिलसिला शुरू हो गया था। दोपहर तक कार्यालय परिसर समर्थकों से खचाखच भर गया। अमरपाल सिंह के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। केक काटने के बाद समर्थकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा मिठाई खिलाकर खुशियां साझा कीं। इस दौरान समर्थकों ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया जिससे पूरे परिसर में उत्सव का माहौल बन गया। समारोह के दौरान वक्ताओं ने अमरपाल सिंह के छात्र राजनीति से लेकर सार्वजनिक जीवन तक के सफर का उल्लेख करते हुए उनके सामाजिक सरोकारों



और जनसेवा के प्रति सक्रिय भूमिका की सराहना की। उपस्थित लोगों ने कहा कि वह लगातार क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और आमजन के बीच सक्रिय रहने का प्रयास करते हैं। इस अवसर पर मोहनलालगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, योगेंद्र तिवारी, नागेश्वर द्विवेदी, निगोहां प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अध्यक्ष विमल सिंह, महामंत्री प्रदीप द्विवेदी, विकास सिंह, राघवेंद्र सिंह, सनी पाण्डेय, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। जन्मदिन पर मिले स्नेह और शुभकामनाओं के लिए अमरपाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों का प्रेम, विश्वास और सहयोग उनके लिए सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह आगे भी क्षेत्र की समस्याओं और जनहित के मुद्दों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ उठाते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने अमरपाल सिंह के स्वस्थ्य सफल एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उन्हें पुनः जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं देर शाम तक प्रेस क्लब कार्यालय में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा और पूरे परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

# हाई वोल्टेज विद्युत लाइन के तारों की चपेट में आकर नील गाय मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजिनीनगर, लखनऊ। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते बीती रात एक नील गाय की हाई वोल्टेज विद्युत लाइन के तारों की चपेट में आकर मौत हो गई। शनिवार सुबह जानकारी होने के बाद लोगों ने इसकी सूचना विद्युत विभाग में दी। लेकिन अभी तक वहां कोई भी विद्युत कर्मी नहीं पहुंच सका। बंथरा के कुरौनी स्थित टूड़ीखेड़ा निवासी किसान विनोद यादव के मुताबिक गांव के बाहर स्थित उनके खेतों के ऊपर से गहरू पावर हाउस से 11 हजार वोल्टेज की विद्युत लाइन गुजर रही है। उन्होंने बताया कि चार दिन पहले तेज बारिश और हवा के कारण उक्त विद्युत लाइन का एक पोल झुक गया था, जिससे तार खेत में जमीन से करीब चार-पांच फीट की ऊंचाई पर लटक गए। विनोद ने बताया कि उन्होंने इसकी शिकायत विद्युत विभाग के हेल्पलाइन नंबर 1912 पर कई बार की। साथ ही गहरू पावर हाउस को भी सूचना दी, लेकिन तारों को दुरुस्त नहीं किया गया। विनोद ने बताया कि शनिवार सुबह वह अपने खेत पहुंचे तो विद्युत तारों के नीचे खेत में एक नीलगाय मृत पड़ी मिली। नीलगाय की उन्हीं तारों में दौड़ रही करंट की चपेट में आने से मौत हुई है। इसके बाद फिर 1912 और पावर हाउस में शिकायत की गई, लेकिन अभी तक न तो कोई विद्युत कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। बल्कि तार अभी भी नीचे लटके होने के साथ मृत नीलगाय अभी भी वहीं पर खेत में पड़ी है। वहीं तारों के बेहद नीचे होने से किसान खेत में जाने से भी डर रहे हैं। इससे सिंचाई और खाद डालने में परेशानी हो रही है। घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

# साइबर जालसाजों ने मोबाइल हैक कर खाते से 95 हजार रुपये किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में साइबर जालसाजों ने एक पेंशनभोगी का मोबाइल हैक कर उसके एसबीआई खाते से 95 हजार रुपये पार कर दिए। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराने के साथ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के गौरी बाजार निवासी सुरेंद्र कुमार गुप्ता के मुताबिक उनका एसबीआई की सैनिक स्कूल शाखा में बचत खाता है, जिसमें हर माह उनकी पेंशन आती है। सुरेंद्र का कहना है कि साइबर ठगों ने उनका मोबाइल हैक कर गूगल-पे के माध्यम से 26 जुलाई को मनीश कुमार के नाम से दो बार में 40 हजार और 20 हजार रुपये उनके खाते से ट्रांसफर कर लिए। इसके बाद 30 जुलाई को रतनेश कुमार के नाम से 35 हजार रुपये और निकाल लिए। इस तरह जालसाजों ने तीन बार में कुल 95 हजार रुपये की साइबर ठगी कर ली। जानकारी होने पर पीड़ित ने बैंक और साइबर सेल को मामले की सूचना दी। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर सरोजनीनगर पुलिस साइबर सेल की मदद से मामले की जांच कर जालसाजों का पता लगाने में जुटी है।

# 500 कांवड़ियों ने किया गोपेश्वर नाथ का जलाभिषेक

**बिठूर से गंगाजल लेकर पहुंचे श्रद्धालु, रुद्राभिषेक के बाद भगवान शिव को अर्पित हुआ 56 प्रकार का भोग**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। शनिवार को आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मलिहाबाद गोपेश्वर गौशाला स्थित चिंताहरण हनुमान मंदिर परिसर में गोपेश्वर नाथ महादेव के भव्य जलाभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। बिठूर से मां गंगा का पवित्र जल लेकर करीब 500 कांवड़िये कांवड़ यात्रा करते हुए मलिहाबाद कस्बे से होकर गोपेश्वर गौशाला पहुंचे। कांवड़ियों के पहुंचते ही पूरा परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। शनिवार सुबह करीब 11 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गोपेश्वर नाथ महादेव का विधि-विधान से रुद्राभिषेक किया गया। कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने गंगाजल अर्पित कर भगवान शिव की आराधना की और परिवार की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके बाद भगवान शिव को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए। धार्मिक आयोजन को लेकर गोपेश्वर गौशाला परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से पूरे परिसर में दिनभर भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और जलपान की विशेष व्यवस्था की गई। गोपेश्वर गौशाला प्रबंधक उमाकांत गुप्ता ने बताया कि गोपेश्वर नाथ महादेव का यह धार्मिक आयोजन कई वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता को मजबूत करना है। आयोजक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष लखनऊ अनिल सिंह चौहान तथा गोपेश्वर गौशाला परिवार की ओर से कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को जलपान कराया गया और प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, विकास पाठक, व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता, सोनू सिंह, शशिधर उर्फ भोला गुप्ता समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# आईएएस-आईपीएस और आईएफएस अधिकारी विद्यार्थियों से करेंगे संवाद

**इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को करियर और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रदान करेंगे मार्गदर्शन**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश के युवाओं के सर्वांगीण विकास, उनकी क्षमताओं के समुचित उपयोग और उच्च शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, रोजगार एवं उद्यमिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योगी सरकार एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रही है। इसके तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा (क्अर), भारतीय पुलिस सेवा (क्ढर) एवं भारतीय वन सेवा (क्रऋ) के युवा अधिकारी इंटरमीडिएट स्तर के विद्यार्थियों के साथ नियमित संवाद कर उन्हें प्रेरित करेंगे और करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही समस्त मंडलायुक्तों को निर्देशित किया गया है कि वे उक्त कार्यक्रम की समय-समय पर अपने स्तर पर समीक्षा करें। निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, समस्त मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) तथा समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों को भी निर्देश जारी किए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षकों से अपेक्षा की गई है कि वे संबंधित विद्यालयों को कार्यक्रम के संबंध में अपने स्तर से अवगत कराएं तथा संबंधित अधिकारी और विद्यालय के प्रबंध तंत्र के बीच आवश्यक समन्वय स्थापित कराएं, ताकि कार्यक्रम का सुचारु एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित हो सके। अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की ओर से सभी जिलाधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है कि प्रत्येक जिले में तैनात आईएएस, आईपीएस, और आईएफएस के युवा अधिकारी हर माह कम से कम एक इंटरमीडिएट स्तर के विद्यालय का भ्रमण कर विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित करें। इस दौरान अधिकारियों के अनुभव, कार्यशैली और जीवन संघर्ष विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे, वहीं संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उनकी आकांक्षाओं को सही दिशा देने में मदद मिलेगी। इन कार्यक्रमों में सहभागितापूर्ण चर्चा और प्रश्नोत्तर को प्राथमिकता दी जाएगी। विद्यार्थियों को अधिकारियों से सीधे संवाद का अवसर मिले, ताकि वे अपने भविष्य, करियर और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े सवाल पूछ सकें। संवाद कार्यक्रमों में जीवन का लक्ष्य निर्धारण एवं करियर नियोजन, प्रभावी अध्ययन पद्धति, समय प्रबंधन एवं आत्मानुशासन जैसे विषयों पर चर्चा की जा सकती है। इसके साथ ही यूपीएससी, यूपीपीएससी, यूपीएसएसएससी, एएससी, एनडीए, जेईई, नीट और सीयूईटी समेत राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षाओं तथा उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में भी विद्यार्थियों को जानकारी और मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, उद्यमिता और स्टार्टअप से जुड़े अवसरों की जानकारी भी दी जाएगी। इसके अलावा केंद्र एवं राज्य सरकार की युवाओं से संबंधित प्रमुख योजनाओं से उन्हें अवगत कराया जाएगा। संवाद के दायरे को व्यापक रखते हुए वित्तीय कौशल, संचार कौशल, व्यापार प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, नशामुक्ति एवं तनाव प्रबंधन तथा आत्मविश्वास विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों को भी इसमें शामिल किया है। निर्देशों के अनुसार जिलाधिकारी प्रत्येक माह इन कार्यक्रमों का कैलेंडर तैयार करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि जिले में तैनात सभी युवा अधिकारी मनोयोग से इस पहल में भाग लें।

# आजीविका मिशन से प्रशिक्षण लेकर श्वेता बनीं गांव की पशु सखी

- **300 से अधिक बकरियों को पहुंचाई स्वास्थ्य सेवाएं, सालभर में 30 हजार रुपये की आय से परिवार को मिला आर्थिक सहारा**

लखनऊ। कभी घर और खेत की जिम्मेदारियों तक सीमित रहने वाली अकबरपुर ब्लॉक की 32 वर्षीय श्वेता आज गांव के पशुपालकों के लिए भरोसे का नाम बन चुकी हैं। योगी सरकार के आजीविका मिशन से जुड़कर प्रशिक्षण लेने के बाद श्वेता ने ह्यपशु सखीह्ल के रूप में काम शुरू किया और करीब एक वर्ष में 120 परिवारों की 300 से अधिक बकरियों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाईं।

श्वेता को ग्राम पंचायत की समूह सखी के माध्यम से पशु सखी कार्यक्रम की जानकारी मिली। चयन के बाद आजीविका मिशन की ओर से उन्हें तीन दिन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने बकरी पालने वाले परिवारों से संपर्क कर उन्हें पशुओं की देखभाल, बीमारियों से बचाव और समय पर टीकाकरण के प्रति जागरूक करना शुरू किया।

हालिया कृमिनाशन अभियान के दौरान श्वेता ने करीब 350 से 360 बकरियों तक दवा पहुंचाई। लगातार गांवों में जाकर पशुपालकों से संपर्क करने के कारण अब लोग बकरियों की बीमारी और देखभाल से जुड़ी जरूरतों के लिए उनसे सलाह लेते हैं। पशु सखी के रूप में काम करते हुए श्वेता ने करीब एक वर्ष में लगभग 30 हजार रुपये की आय अर्जित की। इस राशि का उपयोग उन्होंने बच्चों की पढ़ाई, घरेलू जरूरतों और दवाओं की व्यवस्था में किया। उनके लिए यह कमाई आर्थिक सहयोग के साथ-साथ आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का माध्यम भी बनी। शुरूआत में गांव-गांव पहुंचना और कई जगह पैदल जाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन धीरे-धीरे पशुपालकों का भरोसा बढ़ता गया। आज श्वेता की पहचान केवल परिवार की बहू के रूप में नहीं, बल्कि पशुपालकों की मदद करने वाली महिला के तौर पर भी बनी है। श्वेता का कहना है कि अब गांव के लोग उनकी बात सुनते हैं और सम्मान के साथ बुलाते हैं। वह आगे अपनी आय बढ़ाकर बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाना चाहती हैं। आजीविका मिशन से मिले प्रशिक्षण ने श्वेता को घर की चौखट से बाहर निकलकर सेवा, सम्मान और आत्मनिर्भरता की नई पहचान दी है।

# शहीद की जन्मभूमि का 70 साल का दर्द मिटा

## शहीद के गांव की समस्या पर मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

अमन लेखनी समाचार

- **खन्नौत पर पुल ने बदली नवादा की तस्वीर, काकोरी ट्रेन एक्शन डे स्पेशल**

शाहजहांपुर। देश की आजादी के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाले अमर शहीद ठाकुर रोशन सिंह की जन्मभूमि नवादा ने आजादी के बाद भी दशकों तक विकास से कटे रहने का दर्द झेला। खन्नौत नदी पर पक्का पुल नहीं होने के कारण बारिश और बाढ़ के दिनों में गांव का संपर्क कई महीनों तक प्रभावित रहता था। मरीजों, विद्यार्थियों, किसानों और ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। करीब तीन पीढ़ियों तक चली इस समस्या का समाधान उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद हुआ। खन्नौत नदी पर पक्का पुल बनने से नवादा और आसपास के गांवों का आवागमन सुगम हुआ। पुल निर्माण को ग्रामीण शहीद ठाकुर रोशन सिंह की जन्मभूमि को मिला सम्मान भी मानते हैं। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर खन्नौत नदी पर स्थायी पुल निर्माण की मांग रखी थी। इसके बाद 25 फरवरी 2018 को शाहजहांपुर में विकास परियोजनाओं के साथ खन्नौत नदी पर पक्के पुल और सड़क समेत अन्य परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

पुल निर्माण के बाद 30 दिसंबर 2018 को मुख्यमंत्री स्वयं शहीद ठाकुर रोशन सिंह के पैतृक गांव नवादा पहुंचे। उन्होंने शहीद की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। ग्रामीणों के लिए यह क्षण भावुक कर देने वाला था। 1922 में बरेली में हुए प्रदर्शन के दौरान अंग्रेज पुलिस के लाठीचार्ज के बीच रोशन सिंह ने आगे बढ़कर एक अंग्रेज अधिकारी की बंदूक छीन ली थी। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर दो वर्ष की कठोर सजा दी गई। जेल से बाहर आने के बाद उनका जुड़ाव क्रांतिकारी गतिविधियों से और मजबूत हो गया। 1925 के काकोरी कांड के बाद ब्रिटिश सरकार ने क्रांतिकारी संगठन से जुड़े रोशन सिंह को भी गिरफ्तार कर मुकदमे में शामिल किया। काकोरी ट्रेन कार्रवाई में प्रत्यक्ष रूप से मौजूद न होने के बावजूद उन्हें संगठन से जुड़े मामले में दोषी ठहराया गया। उन्हें पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और राजेंद्र नाथ लाहिड़ी के साथ फांसी की सजा सुनाई गई। 19 दिसंबर 1927 को प्रयागराज की नैनी जेल में ठाकुर रोशन सिंह ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। पक्का पुल बनने के बाद नवादा और आसपास के गांवों के लोगों के लिए आवागमन आसान हुआ। अब बारिश के दौरान संपर्क टूटने की समस्या काफी हद तक खत्म हुई है। विद्यार्थियों के लिए स्कूल-कॉलेज पहुंचना, किसानों के लिए उपज बाजार तक ले जाना और मरीजों को अस्पताल पहुंचाना आसान हुआ है।

क्षेत्र में डिग्री कॉलेज और शहीद ठाकुर रोशन सिंह के पैतृक घर को स्मारक के रूप में विकसित किए जाने से नई पीढ़ी को उनके जीवन और बलिदान से परिचित होने का अवसर भी मिल रहा है।

# केशव मौर्य ने दिवंगत डीजीपी के पिता को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशक राजीव कृष्ण के आवास पर पहुंचकर उनके पिताजी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने दिवंगत पुण्यात्मा के स्मृति चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी



तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि माता-पिता का साया जीवन में सदैव संबल और प्रेरणा प्रदान करता है। उनका निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। इस कठिन एवं दुःख की घड़ी में वे शोकाकुल परिवार के साथ हैं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति एवं संबल प्रदान करें।

# छोटे बच्चों वाली स्कूल बस में सहायक अनिवार्य

अमन लेखनी समाचार

- **स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार सख्त, परिवहन विभाग करेगा नियमित जांच**
- **परिवहन विभाग ने सभी विद्यालयों के प्रबंधकों को जारी किया निर्देश**

लखनऊ। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार ने सख्ती बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद परिवहन विभाग ने प्रदेश के सभी विद्यालयों के प्रबंधकों को पत्र जारी कर स्कूली वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। अब 12 वर्ष या उससे कम आयु के बच्चों को ले जाने वाले स्कूल वाहनों में परिचारक या परिचारिका रखना अनिवार्य होगा। परिचारक की जिम्मेदारी बच्चों को सुरक्षित तरीके से वाहन में चढ़ाने और उतारने की होगी। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्यालय प्रबंधन को स्कूली वाहनों के संचालन में सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करना होगा। विभाग की ओर से स्कूल वाहनों की नियमित जांच भी की जाएगी। मानकों की अनदेखी मिलने पर संबंधित विद्यालय और वाहन संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। चालकों का चरित्र सत्यापन और स्वास्थ्य परीक्षण जरूरी निर्देशों में कहा गया है कि विद्यालयों में संचालित वाहनों के चालकों का चरित्र सत्यापन और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से कराया जाए। इसके साथ ही स्कूल प्रबंधन वाहन के फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, बीमा और अन्य जरूरी दस्तावेजों की वैधता भी समय-समय पर जांचे। किसी भी स्थिति में अनफिट वाहन से बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने की अनुमति नहीं दी जाए।

**हर महीने होगी सुरक्षा उपकरणों की जांच :** स्कूल के ट्रांसपोर्ट इंचार्ज को वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिम्मेदार बनाया जाएगा। उन्हें प्रत्येक माह प्राथमिक चिकित्सा किट, फायर एक्सटिंग्विशर, इमरजेंसी अलार्म और अन्य सुरक्षा उपकरणों की जांच कर उन्हें दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी दी गई है। विभाग का मानना है कि आपात स्थिति में यही उपकरण बच्चों की सुरक्षा में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

**विभाग की टीम करेगी औचक जांच :** परिवहन विभाग की टीमें स्कूल वाहनों की नियमित और जरूरत पड़ने पर औचक जांच भी करेंगी। जांच के दौरान वाहन की फिटनेस, दस्तावेज, सुरक्षा उपकरण और चालक से संबंधित मानकों की पड़ताल की जाएगी। नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने विद्यालय प्रबंधन से बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और सभी निर्देशों का गंभीरता से पालन करने को कहा है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो के लिये ई–निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है:–

**क्रम सं.-1,** निविदा सं.: वमंविइं-टीआरडी-लजं-ओटी-218, कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में 07 नंबर स्टेशनों (LKNR-PF-1, BUW-PF-3, ORW-PF-1, TH-PF-1, GOVR-PF-1, CRV-PF-1 & JLD-PF-1) पर 07 नंबर पैसेंजर प्लेटफॉर्म के विस्तार के कारण ओएचई संशोधन कार्य। ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समय: 02-09-2026 व 15:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि व समय: 02-09-2026 व 15:30 बजे, अनुमानित लागत: ₹ 1,43,30,593.68, बयाना राशि: ₹ 2,86,600/-, निविदा मूल्य: ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधि: 09 माह।

**नोट: (1)** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। **(2)** विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट ***http://www.ireps.gov.in*** को देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी**
मुजाधि/विद्युत–135 **लखनऊ**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# योगी सरकार की पहल 'प्रोजेक्ट प्रवीण' बनी सफलता की मिसाल

## एआई मूल्यांकन परीक्षा में 50 हजार छात्रों का शानदार प्रदर्शन, 25% से अधिक टॉप श्रेणी में

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। योगी सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी भविष्य की तकनीक से जोड़ने की दिशा में शुरू की गई पहल 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा माध्यमिक और एडेड स्कूलों में संचालित 4 घंटे के 'एआई फॉर ऑल' कोर्स की राज्य स्तरीय मूल्यांकन परीक्षा में लगभग 50 हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और औसतन 70.41/100 का शानदार स्कोर हासिल किया है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कौशल विकास के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन रहा है। 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत एआई कोर्स का उद्देश्य गांव और शहर के बीच डिजिटल अंतर को खत्म कर हर छात्र को भविष्य की तकनीक से लैस करना है। लगभग 50 हजार छात्रों की भागीदारी और उनका शानदार प्रदर्शन हमारे युवाओं की अपार क्षमता को दर्शाता है। यह योगी सरकार के 'स्किल्ड यूपी-समर्थ यूपी' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमारी सरकार मेधावी छात्रों को एडवांस टेक्नोलॉजी में आगे बढ़ने के अवसर देगी और कमजोर छात्रों को भी विशेष प्रशिक्षण देकर मुख्यधारा में लाएगी।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि परीक्षा का आयोजन पूर्णतः पारदर्शी और कुशल तरीके से 5 दिनों के रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया। 8 जुलाई को गोपनीयता के साथ प्रश्न-पत्र जिलों को भेजे गए, 9 जुलाई को मुख्य परीक्षा, 10 जुलाई को अनुपस्थित छात्रों के लिए विशेष परीक्षा आयोजित हुई और 13 जुलाई तक 73 जिलों में मूल्यांकन कर परिणाम मिशन मुख्यालय को भेजे गए।

परिणाम 8 अगस्त को सत्यापित किए गए। परीक्षा में 89% से अधिक छात्र सफल रहे, जिन्हें तीन श्रेणियों में बांटा गया है। उत्कृष्ट श्रेणी (80% से अधिक अंक): 12,500 से अधिक परीक्षार्थी 80 से ज्यादा अंक लाकर 'टॉप' श्रेणी में रहे। सक्षम श्रेणी (50 से 80 अंक): सबसे बड़ा वर्ग, 28,000 से अधिक छात्रों ने इस श्रेणी में अंक हासिल किए। विशेष ध्यान योग्य श्रेणी (50 से कम अंक): केवल 4,819 छात्र इस वर्ग में रहे, जिनके लिए विशेष सुधारात्मक कक्षाएं चलाई जाएंगी।

क्षेत्रवार प्रदर्शन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 18,395 छात्रों ने 74.3 के औसत स्कोर के साथ बाजी मारी, जिसमें 37.8% छात्र उत्कृष्ट श्रेणी में रहे। बुंदेलखंड ने गुणवत्ता और निरंतरता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, यहां का औसत स्कोर 74.2 रहा और 50 से कम अंक पाने वाले छात्रों का प्रतिशत पूरे राज्य में सबसे कम मात्र 4.9% रहा। मध्य यूपी का औसत 69.7 और पूर्वांचल के 21 जिलों के 14,387 छात्रों का औसत 64.7 रहा। मिशन निदेशक ने बताया कि 50 से कम अंक पाने वाले छात्रों, खासतौर पर पूर्वांचल के लिए रिमीडियल एआई मॉडल्स चलाए जाएंगे। वहीं 80% से अधिक अंक लाने वाले 12,500 से अधिक मेधावी छात्रों को एडवांस्ड एआई, एडवांस्ड कोडिंग और रोबोटिक्स में विशेष मार्गदर्शन दिया जाएगा।

# भाजपा सरकार में बजट की लूट चल रही : अखिलेश

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में बजट की लूट चल रही है। हर विभाग में घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार है। झूठ, लूट और बेईमानी इस सरकार की पहचान बन चुके है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में एक्सप्रेस-वे और अन्य निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड टूट गये है। हाल ही में बना लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे इसका उदाहरण है। भाजपा सरकार में बनी अन्य सड़कों का भी यही हाल है। सड़कों के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार हुआ। मानकों की अनदेखी की गयी। सबसे महंगा एक्सप्रेस-वे दर्जनों जगह धंस गया। भाजपा बेहद जानलेवा पार्टी है। जल जीवन मिशन योजना इस सरकार के लूट की मिशन बन गयी है। जल जीवन मिशन के तहत अब तक प्रदेश में दर्जनों पानी की टंकिया टूट कर गिर गयी है या फिर पानी भरते ही क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पानी की टंकिया भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के भार को सह नहीं पा रही हैं। भाजपा सरकार में हुए कामों को देख कर लगता है कि भाजपाईयों की कमीशनखोरी का रिकार्ड सदियों तक कोई नहीं तोड़ पाएगा। भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता को विकास के नाम पर सिर्फ धोखा दिया है।

## संक्षेप

### अस्पताल परिसर से कर्मी की खड़ी बाइक चोरों ने किया पार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारा सगवर अन्तर्गत सरकारी अस्तपताल के कर्मचारी की अस्तपताल परिसर से बाइक चोरी हो गयी। पीड़ित द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वा० केन्द्र ऊँचगाँव में गोपाल जी सुचारी पुत्र श्री सुशील कुमार निवासी गोपालगंज पोस्ट व थाना कल्यानपुर, जिला-फतेहपुर कर्मचारी है। 20 जुलाई को उसकी मोटरसाइकिल माडल ळश्र विक्टर ग्रे कलर दोपहर बाद खड़ी नही मिली। कई दिनों तक तलाश करने के उपरांत अब उसने तहरीर देकर बाइक खोजने की गुहार पुलिस से लगाई है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया मुकदमा दर्ज बाइक का सुराग लगाया जा रहा है।

### महिला सुरक्षा को लेकर बहू बेटी सम्मेलन का किया गया आयोजन

पाटन, उन्नाव। थाना बारासगवर क्षेत्र के ग्राम अहरौरा में बहू-बेटी सम्मेलन एवं चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव जय प्रकाश सिंह के निर्देशन में थाना अध्यक्ष बारासगवर धर्मेंद्र नाथ मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सतीश कुमार, थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्र, आरक्षी प्रमोद कुमार, बसंत कुमार, अभिषेक वर्मा तथा महिला आरक्षी पूनम यादव, रामभतेरी और मनीषा सहित पुलिस टीम मौजूद रही। सम्मेलन में सास-बहू, ननद-भाभी, मां-बेटियों एवं छात्राओं के साथ बड़ी संख्या में ग्राम सभा के सम्मानित नागरिकों ने प्रतिभाग किया।चौपाल के दौरान महिलाओं और ग्रामीणों को परिवार में प्रेम, सम्मान, विश्वास एवं आपसी समझ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि परिवार की बहू को बेटी के समान सम्मान और स्नेह मिलना चाहिए तथा बहू और बेटी के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए।कार्यक्रम में महिलाओं को यह भी समझाया गया कि बहुओं को अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए सास को मां के समान सम्मान देना चाहिए और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मधुर संबंध बनाए रखने चाहिए। महिलाओं से परिवार में प्रेम एवं स्नेह का वातावरण बनाए रखने की अपील की गई।इस दौरान महिलाओं को आवश्यकता पड़ने पर 1090, 112 एवं 108 सहित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों का त्वरित उपयोग करने की जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा से संबंधित सुविधाओं और पुलिस सहायता के बारे में भी जागरूक किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद माताओं, बेटियों, सास-बहुओं और ननद-भाभियों ने इस पहल की सराहना की। महिलाओं ने कहा कि उनके क्षेत्र में पहली बार पुलिस विभाग की ओर से परिवार में प्रेम, विश्वास और आपसी सौहार्द बढ़ाने वाला ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उपस्थित लोगों ने परिवारों में आपसी समरसता और सम्मान बनाए रखने का संकल्प लिया।

# बहू-बेटी सम्मेलन में गूंजा पारिवारिक सौहार्द का संदेश

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना दही क्षेत्र के ग्राम सराय कटिहार में शनिवार को महिला सुरक्षा, सम्मान, पारिवारिक सौहार्द एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बहू-बेटी सम्मेलन एवं चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव जय प्रकाश सिंह के कुशल निर्देशन में थाना दही प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रेखा सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गांव की महिलाओं, छात्राओं एवं ग्रामीणों ने सहभागिता की।ग्राम सराय कटिहार स्थित प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान परिवार परामर्श केंद्र समिति के प्रभारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रेखा सिंह एवं उनकी टीम तथा विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा औषधीय पौधा रोपित किया गया।इस दौरान ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया।विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं तथा मौजूद महिलाओं के साथ संवाद करते हुए महिला सुरक्षा और सम्मान से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। इसके बाद ग्राम सचिवालय में



ग्राम प्रधान नरेंद्र सुनील साहू के सहयोग से बहू-बेटी सम्मेलन एवं चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना दही की महिला पुलिसकर्मियों मांडवी, प्रिया, नेहा, अनामिका, सोनम एवं पूजा चौधरी ने सक्रिय भूमिका निभाई और गांव की अधिक से अधिक महिलाओं को कार्यक्रम में शामिल कराया। सम्मेलन में सास-बहू, मां-बेटी तथा ननद-भौजाई के रिश्तों को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

### सास को मां और बहू को बेटी समझने की अपील

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रेखा सिंह एवं डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने महिलाओं से कहा कि परिवार में सास को मां और बहू को बेटी का दर्जा दिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि परिवार के सदस्य एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सम्मान और विश्वास की भावना बनाए रखें तो छोटी-छोटी बातों को लेकर होने वाले विवादों और पारिवारिक कलह को काफी हद तक रोका जा सकता है।उन्होंने महिलाओं से आपसी संवाद बनाए रखने, एक-दूसरे की भावनाओं को समझने तथा परिवार में प्रेम और सौहार्द का वातावरण कायम रखने की अपील की। अधिकारियों एवं टीम द्वारा महिलाओं की समस्याओं को सुना गया तथा उन्हें आवश्यकता पड़ने पर पुलिस एवं संबंधित सहायता सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

### मिशन शक्ति और हेल्पलाइन की दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा उपलब्ध सहायता व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। महिलाओं को मिशन शक्ति के पंपलेट वितरित किए गए और शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया।पुलिस टीम ने महिलाओं एवं छात्राओं से कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न, घरेलू विवाद अथवा महिला संबंधी समस्या होने पर संकोच न करें और तत्काल पुलिस अथवा संबंधित हेल्पलाइन की सहायता लें। महिला पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं को भी आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने और किसी भी असहज स्थिति में परिवार अथवा पुलिस को जानकारी देने के लिए जागरूक किया।

### हर घर तिरंगा अभियान का भी दिया संदेश

कार्यक्रम के दौरान आगामी 15 अगस्त 2026 के मद्देनजर ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान के प्रति भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्राम प्रधान के सहयोग से ग्रामीणों के बीच तिरंगे का वितरण किया गया तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए महिला सम्मान, पारिवारिक एकता, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रभक्ति से जुड़े अभियानों को सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. आशीष श्रीवास्तव द्वारा किया गया।इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रेखा सिंह, थाना दही की महिला पुलिस टीम, ग्राम प्रधान, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका, छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्राम की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# आवास के लिये दर दर भटक रहे गरीब का गिरा आशियाना

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा क्षेत्र के पाठकपुर गांव निवासी मोनू शुक्ल ने आवास के लिये मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर ग्राम प्रधान , खण्ड विकास अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को भी प्रार्थना पत्र दिया परन्तु आज तक उसकी किसी ने नहीं सुनी जांच पड़ताल होती रही बीते चार दिनों से हो रही रुक रुक कर बरसात ने उसका टूटा ,गिरा व जगह जगह से टपकता कच्चा घर भी गिर गया ,मोनू के पास अब सर ढकने के लिये छत भी नही बची ।मोनू को बीते 22 जुलाई को मुख्यमंत्री पोर्टल पर आवास के लिये आवेदन पर खण्ड विकास कार्यलय पर बुलाया गया था । औ? उसने अपनी आप बात खण्ड विकास अधिकारी निशा सागर को सुनाई थी ।इस सम्बंध में जब खण्ड विकास अधिकारी से जानकारी की तो उन्होंने बताया था कि सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी को जॉच के आदेश दिए गए ।मोनू के आवास की जांच तो कोई अधिकारी नही करने गया परन्तु आज बारिश के चलते उसका आशियाना जरूर गिर गया । सबसे बड़ा सवाल की बीते पाँच वर्षो से पात्र व्यक्ति अधिकारियों ,जनप्रतिनिधियों के आगे पीछे चक्कर लगाता रहा परंतु आश्वासन के सिवा आज तक कुछ नही मिला , बेघर मोनू के आगे अब सर ढकने के लिये अब छत भी नही बची , अब वह पत्नी बच्चो तथा परिजनों को लेकर जाए तो कहा जाए

# जर्जर पोल से हाईटेंशन तार गिरने का खतरा, कांवड़ियों की सुरक्षा पर सवाल

अमन लेखनी समाचार



परियर, उन्नाव। सफीपुर विद्युत उपखंड क्षेत्र में परियर से माना बंगला जाने वाले मार्ग पर हाईटेंशन लाइन का विद्युत पोल ऊपर से टूट गया है।जर्जर पोल के सहारे हाईटेंशन तार झूल रहे हैं। इससे मार्ग से गुजरने वाले कांवड़ियों और राहगीरों के लिए हादसे का खतरा बना हुआ है।सावन माह में इस मार्ग पर कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की आवाजाही लगातार बढ़ी हुई है। ऐसे में क्षतिग्रस्त पोल और झूलते हाईटेंशन तार किसी भी समय गंभीर हादसे का कारण बन सकते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पोल की हालत कई दिनों से खराब है, लेकिन अब तक उसे दुरुस्त नहीं कराया गया।ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से तत्काल मौके का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त पोल को बदलवाने और हाईटेंशन तारों को सुरक्षित कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सावन में कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए विद्युत विभाग को मामले में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

### रविवार को भेजी जाएगी टीम

एक्सईएन रंजीत कुमार ने बताया कि क्षतिग्रस्त पोल की जानकारी मिल गई है। रविवार को मौके पर टीम भेजकर पोल को तत्काल ठीक कराया जाएगा।

# शारदा नहर में उतराता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने सफीपुर मियागंज मार्ग पर स्थित शारदा नहर आसीवन ब्रांच में पुल के पास एक युवक शव नहर में उतराता देख पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाल कर मृतक की पहचान कर परिजनों को घटना की जानकारी दी मौके पर पहुंचे मृतक के छोटे भाई ने शिनाख्त की पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के रानीपुर ग्रंट गांव निवासी शैलेन्द्र 35 पुत्र स्व बाबूराम जोकि गुरुवार को गांव से करीब एक किलोमीटर दूर गोसा कुतुब शारदा नहर में नहाने गया था जहां नहाते समय वह गहरे पानी में डूब गया था और लापता हो गया था शुक्रवार को भाभी गीता पत्नी



सुनील ने बेहटा मुजावर थाना में शैलेन्द्र की गुमशुदगी दर्ज कराई थी वहीं परिजनों द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही थी वहीं शनिवार आसीवन थाना क्षेत्र के सफीपुर मियागंज मार्ग पर स्थित शारदा नहर आसीवन ब्रांच में शव उतराता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को सूचना दी सूचना मिलते ही मृतक का छोटा भाई शानू त्रिपाठी मौके पर पहुंच कर मृतक की पहचान बड़े भाई शैलेन्द्र के रूप में की मृतक के पिता की करीब 28 वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है वहीं मां की भी करीब ग्यारह वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है शैलेन्द्र ने शादी नहीं की थी मृतक चार भाई व दो बहनों में दूसरे स्थान पर था बड़ा भाई सुनील, सतेन्द्र, शानू व बहनों में दीपिका व सुनीता हैं सभी का विवाह हो चुका है इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि बेहटा मुजावर में गुमशुदगी दर्ज है परिजनों की सूचना पर शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

# 51 कांवड़ियों का जत्था गंगा जल लेकर हुआ रवाना

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के गांव पनहन के आंचलेश्वर महादेव मन्दिर से 51 कांवड़ियों का जत्था बक्सर के मां चन्द्रिका देवी मंदिर धाम से गंगा जल लेकर हिलौली क्षेत्र के भवरेश्वर महादेव मन्दिर मे जलाभिषेक के लिए निकला ।शनिवार प्रातः मां चन्द्रिका देवी के दर्शन कर गंगा जल लेकर बक्सर से पैदल दूरी तय कर हिलौली ब्लॉक के गोमती नदी के किनारे स्थित भांवरेश्वर महादेव भगवान को जलाभिषेक करने के लिए पहुचेंगे । दोपहर करीब एक बजे कांवरियों का जत्था सुमेरपुर तिराहा पंहुचा जहा उन्होंने आराम कर भोजन पानी किया। प्रशासन की तरफ से कांवरियों के रुकने आदि की व्यवस्था के इंतजाम करने के आदेश दिए गये है ।कांवडियो अंकित ,राजन, प्रिंसू ,रमेश आदि ने बताया कि रास्ते में प्रशासन द्वारा ठहरने की कहीं कोई उचित व्यवस्था नही मिली ।कांवड़ियों ने सुमेरपुर तिराहा स्थित ग्राम न्यायालय के सामने ही जमीन पर अपनी दरी और चादर बिछाकर खाना पानी की व्यवस्थ की। एसडीएम आनन्द कुमार नायक ने बताया कि कांवड़ियों के ठहरने के लिए ऊंचगांव सीएससी व भगवंतनगर के मां फूलमती मंदिर मे व्यवस्था तहसील प्रशासन द्वारा की गयी है ।कांवड़िए चिन्हित स्थानों पर ठहर कर आराम कर सकता है ।कांवड़ियों मे अमन, कल्लू रावत , राजदीप ,ओम नारायण ,राहुल सहित अन्य सदस्य रहे ।

# उर्वरक दुकानों पर प्रशासन का शिकंजा, 48 प्रतिष्ठानों की जांच, 3 लाइसेंस निलंबित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक निर्धारित दर पर उपलब्ध कराने के लिए शनिवार को कृषि विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीमों ने जिलेभर में सघन छापेमारी की। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित 4 टीमों ने कुल 48 उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया।



प्रमुख सचिव कृषि के आदेश के अनुपालन में जिले में यह जांच अभियान 4 अगस्त से चल रहा है। शनिवार को सदर और हसनगंज तहसील में उप कृषि निदेशक रविचंद्र प्रकाश और हसनगंज एसडीएम शालिनी सिंह के नेतृत्व में टीमों ने उर्वरक दुकानों की जांच की। वहीं पुरवा और बीघापुर तहसील में जिला कृषि अधिकारी शशांक ने पुरवा एसडीएम दिग्विजय सिंह के साथ निरीक्षण किया। बांगरमऊ तहसील में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए अनुराग कुमार और सफीपुर तहसील में कृषि रक्षा अधिकारी भीमसेन ने भी संबंधित उपजिलाधिकारियों के साथ प्रतिष्ठानों की जांच की। निरीक्षण के दौरान धनीखेड़ा स्थित वर्मा खाद केंद्र, पाटन स्थित किसान बीज भंडार और बीघापुर स्थित गुप्ता खाद भंडार बिना पूर्व सूचना के बंद मिले। इस पर तीनों प्रतिष्ठानों के उर्वरक लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए। जांच के दौरान संदिग्ध स्टॉक से उर्वरक के 7 नमूने लिए गए। उन्हें परीक्षण के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।अधिकारियों ने विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए कि किसानों को खाद का वितरण केवल पीओएस मशीन के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री के अनुसार किया जाए। प्रत्येक दुकान पर स्टॉक बोर्ड और रेट बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा। साथ ही स्टॉक रजिस्टर और कैश मेमो भी व्यवस्थित रखने को कहा गया है, ताकि बिक्री और स्टॉक की पारदर्शी जांच हो सके। कृषि विभाग ने साफ किया कि जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। ओवररेटिंग, स्टॉक में गड़बड़ी, नियमों के विपरीत बिक्री या बिना सूचना दुकान बंद मिलने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 के तहत कड़ी कार्रवाई होगी।

# विशाल निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के जरूरतमंद और नेत्र रोगियों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। राष्ट्रीय आंधता नियंत्रण कार्यक्रम और प्रसिद्ध शंकरा आई हॉस्पिटल (चौबेपुर, कानपुर) के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सफीपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक बंबालाल दिवाकर के संयोजन और माधव दिवाकर के सहयोग से आयोजित होने वाले इस शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के मोतियाबिंद पीड़ित मरीजों को उत्तम और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराना है।आयोजकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण विधि (IOL) द्वारा पूरी तरह निःशुल्क किया जाएगा। इसके लिए कानपुर के प्रतिष्ठित शंकरा आई हॉस्पिटल के अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों की टीम अपनी सेवाएँ प्रदान करेगी। इस विशाल निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन हरदोई-उन्नाव रोड बी० एल० डी० बिल्डिंग बांगरमऊ में 9 अगस्त को प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक किया जाएगा शिविर में आने वाले मरीजों की आँखों की जाँच, परामर्श, ऑपरेशन, दवाइयाँ और लेंस प्रत्यारोपण की व्यवस्था पूरी तरह निःशुल्क होगी। क्षेत्रीय जनता और संभ्रांत नागरिकों ने विधायक बंबालाल दिवाकर के इस जनहितैषी प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। महँगे इलाज के अभाव में आँखों की रोशनी खोने की कगार पर पहुँच चुके गरीब और असहाय मरीजों के लिए यह शिविर वरदान साबित होगा। आयोजकों ने बांगरमऊ क्षेत्र तथा आसपास के सभी जरूरतमंद नेत्र रोगियों से अपील की है कि वे समय पर पहुँचकर इस विशाल निःशुल्क शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ।

# थाना समाधान दिवस का आयोजन फरियादियों की समस्याएं सुनकर शीघ्र निस्तारण के दिए गए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और निष्पक्ष समाधान के लिए शासन की मंशा के अनुरूप स्थानीय बांगरमऊ कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस (थाना दिवस) का आयोजन किया गया। इस दौरान दूर-दराज से पहुंचे तमाम फरियादियों ने अपनी- अपनी शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। थाना समाधान दिवस के दौरान मुख्य रूप से जमीन विवाद, आपसी बंटवारे, कब्जेदारी, पारिवारिक कलह और मारपीट से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों ने एक-एक फरियादी की समस्या को बेहद गंभीरता से सुना। कई मामलों में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजकर निष्पक्ष जांच और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। ?मौके पर मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक प्रार्थना पत्र का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। शिकायतों के समाधान में पूरी पारदर्शिता बरती जाए, जिससे पीड़ित को वास्तविक न्याय मिल सके। भूमि विवाद से जुड़े मामलों में पुलिस और लेखपाल की संयुक्त टीम मौके पर जाकर सत्यता की जांच करे, ताकि बार-बार चक्कर न काटने पड़ें। प्रशासन की इस पहल से स्थानीय जनता में यह विश्वास मजबूत हो रहा है कि उनकी शिकायतों का स्थानीय स्तर पर ही सुगम समाधान हो सकेगा। इस दौरान थाने के तमाम पुलिसकर्मी, हल्का लेखपाल और अन्य विभागों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, ताकि मौके पर आने वाले मामलों का तुरंत निस्तारण किया जा सके।

# रेल पटरी पार कर रहे युवक की ट्रेन की चपेट से मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र से निकले कानपुर बालामऊ रेलमार्ग पर जसरा मारूफ पुर के निकट बने अंडरपास में पानी भरे होने के कारण ऊपर से रेल पटरी पार कर घर जा रहे एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की जानकारी होते ही घर व गाँव में शोक की लहर दौड़ गई। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत जसरा मारूफ पुर गाँव निवासी कन्हैया लाल 30 वर्ष पुत्र श्रवण कुमार शुक्रवार को बाजार गया था जहां से देर शाम लौट रहा था। गाँव के निकट बने अंडरपास में पानी भरे होने के कारण ऊपर से रेल पटरी पार कर घर जा रहा था। रेल पटरी पार करते समय उधर से निकल रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करता था। मृतक के तीन बच्चे हैं। कन्हैया लाल की मौत से पत्नी ज्योति बच्चों का रो रो कर हाल बेहाल रहा और पत्नी बच्चों की परवरिश को लेकर परेशान होती रही।



# अनियंत्रित डंपर पलटा चालक घायल



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज निर्माणधीन सड़क के लिए डस्ट लेकर जा रहा डंपर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। केबिन में फंसे ड्राइवर को ग्रामीणों ने निकाल कर सीएचसी भेजा जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।। नगर पंचायत अचलगंज स्थित ग्राम हड़हा से धन्नीपुर को को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण चल रहा है। जिसमें डालने के लिए शनिवार को ले जाई जा रही डस्ट से भरा डंपर बबुआइन खेड़ा के समीप सड़क पर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। डंपर चला रहा कानपुर देहात के रूरा थाना क्षेत्र के काशीपुर निवासी चालक गोलू केबिन में ही फंस गया। ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाल कर सीएचसी भेजा गया। इस दौरान सड़क पूरी तरह से अवरुद्ध रही। ठेकेदार ने डंपर हटवाने के लिए हाइड्रा बुलाया है ।

# अकीदत के साथ मनाया गया आला हजरत का कुल, मुल्क में अमन-चैन की मांगी दुआ

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कस्बे की मशहूर और रूहानी दरगाह खानकाहे आलिया कादरिया यासीनिया (बाकर मियां साहब की दरगाह) पर शनिवार को आला हजरत इमाम अहमद रजा खान रह० अलै० बरेली शरीफ के सालाना उर्स के मुबारक मौके पर कुल की रस्म पूरी अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। इस रूहानी महफिल में नगर और क्षेत्र के अकीदतमंदों ने शिरकत कर अपनी हाजिरी दर्ज कराई।कार्यक्रम की शुरूआत कुरआन-ए-पाक की तिलावत और नाते-पाक से हुई। इसके बाद दरगाह पर आला हजरत की शान में खास फातिहा पढ़ी गई। फातिहा के बाद देश और दुनिया में अमन-चैन, आपसी भाईचारे, खुशहाली और तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। मुल्क की सलामती और आवाम के बीच मुहब्बत का पैगाम आम करने के लिए मौलानाओं ने खुसूसी दुआएं कराईं, जिसमें सैकड़ों की तादाद में मौजूद अकीदतमंदों ने आमीन कहा। इस रूहानी और मजहबी जलसे में बांगरमऊ और आसपास के इलाकों से कई मशहूर शख्सियतें और उलमा-ए-किराम मौजूद रहे। जिसमें प्रमुख रूप से दरगाह के पीरजादा सैयद गयासुद्दीन गौसी मियां साहब, मौलाना अब्दुल मुबीन, मौलाना जीशान, हाफिज सरताज, हाफिज दिलशाद, समाजसेवी व पत्रकार फजलुर्रहमान सहित भारी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और अकीदतमंद मौजूद रहकर फैजान-ए-आला हजरत से फैजयाब हुए। कुल की रस्म पूरी होने के बाद दरगाह परिसर में लंगर का एहतमाम किया गया।

# नव नियुक्त आंगनवाड़ी सहायिकाओं को दिए गए नियुक्त प्रमाण पत्र



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।तहसील सभागार में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित नव नियुक्त आंगनवाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर ने नव नियुक्त आंगनवाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए सभी को नियुक्ति की बधाई दी और कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करने की अपील की ।एसडीएम फाल्गुनी सिंह ने भी सभी को बधाई देते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करने की अपील की ।परियोजना अधिकारी सफीपुर रचना निगम मियागंज सविता रानी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।

# कब्रिस्तान पर हो रहे अवैध कब्जे को एसडीएम ने रुकवाया

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर में कब्रिस्तान की जमीन पर कथित कब्जे का मामला सामने आया है। एसडीएम बृज मोहन शुक्ला ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद मौके पर टीम भेजकर पैमाइश कराई गई और कब्रिस्तान की जमीन पर हो रहे कब्जे को रुकवा दिया गया है। मामले में जांच जारी है।यह मामला बांगरमऊ नगर के मोहल्ला नौनिहालगंज का है। यहां निवासी ललतू पुत्र चेत ने शनिवार दोपहर थाना समाधान दिवस में एक प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि गाटा संख्या 641/0.0776 हेक्टेयर में बनी उनकी पक्की दीवार को कुछ विशेष समुदाय के लोगों ने रात 12 बजे गिरा दिया।ललतू के अनुसार, जब उन्होंने इस मामले में कार्रवाई की बात कही तो विपक्षी उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। दबंगों द्वारा यह भी धमकी दी जा रही है कि वे जबरदस्ती अपनी गुंडागर्दी के बल पर जमीन पर कब्जा कर लेंगे। इस स्थिति में पीड़ित पक्ष ने एसडीएम से गुहार लगाई थी।कल्लू नामक एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि यह जमीन सन 1975 से उनके कब्जे में है, जब इसका पट्टा हुआ था।इसके बावजूद कुछ लोग जबरदस्ती कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़ित पक्ष ने खेत के बगल में बनी मस्जिद की जमीन की भी सही पैमाइश कराने की मांग की है, ताकि गलत नाप को सुधारा जा सके।एसडीएम बृज मोहन शुक्ला ने पुष्टि की कि यह प्रकरण उनके संज्ञान में आया था। उन्होंने बताया कि टीम को मौके पर भेजकर पैमाइश कराई गई और कब्रिस्तान की जमीन पर हो रहे कब्जे को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। मामले की विस्तृत जांच अभी भी जारी है।

## सम्पादकीय

# सरकार युवाओं की आवाज सुने

जब बड़ी संख्या में देश के युवा किसी मुद्दे को लेकर सड़कों पर उतरते हैं तो उनकी हर बात से सहमत होना सरकार के लिए जरूरी नहीं, लेकिन उनकी बात सुनना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी कि युवाओं की बात सुनना सबसे ताकतवर हथियार है, मौजूदा दौर में सरकारों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है। विरोध को केवल कानून-व्यवस्था की समस्या मानकर बल प्रयोग से दबाने के बजाय उसके पीछे के असंतोष को समझना लोकतांत्रिक शासन की पहली कसौटी होनी चाहिए। अगर कुछ भटके हुए युवक पत्थरबाजी जैसे रास्ते पर चले भी जाएं तो उन्हें केवल बल प्रयोग से नहीं, समझाने और काउंसलिंग के जरिए शांत करने के प्रयास किए जाने चाहिए। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों से संयम बरतने की सलाह देते हुए कोर्ट ने सरकार को भी आक्रामक रवैये से बचने को कहा है। यह संदेश इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विरोध व हिंसा के बीच एक स्पष्ट रेखा है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक संपत्ति पर हमला, पत्थरबाजी या कानून तोड़ना स्वीकार नहीं किया जा सकता। चुनौती यह है कि राज्य इस फर्क को समझते हुए ऐसी नीति बनाएं, जिसमें कानून का राज भी कायम रहे और युवाओं की नाराजगी को संवाद का रास्ता भी मिले। दमन से तत्काल शांति दिख सकती है, लेकिन संवाद ही स्थायी समाधान की नींव रखता है।

शांतिपूर्ण प्रदर्शन संविधान की भावना के अनुरूप है, लेकिन हिंसा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकती। 20 जुलाई के संसद मार्च में पुलिसकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के घायल होने की घटना इसी संतुलन की जरूरत को सामने लाती है। संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च संस्थागत मंच है। उसकी सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। यदि किसी प्रदर्शन के दौरान हिंसा होती है, सुरक्षा घेरे को तोड़ने का प्रयास होता है या पुलिस पर हमला किया जाता है तो जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। कानून सबके लिए समान है और आंदोलन की आड़ में हिंसा को वैध नहीं बनाया जा सकता, लेकिन दूसरी तरफ यह भी देखना होगा कि किसी आंदोलन की शुरुआत किन परिस्थितियों में हुई। सरकार यदि पहले ही संवाद का रास्ता खोल दे तो कई बार वह स्थिति पैदा ही नहीं होती जिसमें पुलिस और प्रदर्शनकारियों का आमना-सामना हो। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यही है कि राज्य को संयम और संवाद दोनों को अपनी रणनीति का हिस्सा बनाना चाहिए। पुलिस की भूमिका कानून-व्यवस्था बनाए रखने की है, लेकिन बल प्रयोग अंतिम विकल्प होना चाहिए। प्रदर्शनकारियों की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखने, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करने और सुरक्षा व्यवस्था का सम्मान करने की जिम्मेदारी निभानी होगी। सरकार को भी दोहरी नीति से बचना होगा। एक ओर हिंसा करने वालों पर कानून के मुताबिक कार्रवाई हो और दूसरी ओर शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत का रास्ता खुला रहे। आज जरूरत युवाओं को डराने की नहीं, उन्हें भरोसा देने की है। उनकी बात सुनी जाए, असहमति को लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया माना जाए और जहां शिकायत जायज हो, वहां समाधान की पहल हो। सरकार अगर युवाओं की आवाज सुनेगी तो उसे सड़कों पर टकराव कम और लोकतंत्र में भरोसा ज्यादा मिलेगा। यही मजबूत लोकतंत्र की पहचान है।



अभियान
राजकुमार सिंह

# सख्ती से ही संभव नशामुक्त भारत

'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान का स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन नशे जैसी गहरी सामाजिक और आपराधिक समस्या का इलाज केवल जागरूकता से संभव नहीं। युवाओं को खेल, कला और संस्कृति से जोड़कर नशे से दूर रखने की कोशिश जरूरी है, मगर इसके साथ नशे की आपूर्ति करने वाले संगठित तंत्र पर कठोर प्रहार भी उतना ही अनिवार्य है। सीमावर्ती क्षेत्रों से लेकर देश के महानगरों और छोटे कस्बों तक ड्रग्स की उपलब्धता बताती है कि तस्करी का नेटवर्क अभी भी मजबूत है। इसलिए नशामुक्ति का संकल्प तभी सफल होगा, जब सरकार जागरूकता के साथ तस्करों, भ्रष्ट संरक्षण तंत्र और नशे के कारोबार की पूरी श्रृंखला पर निर्णायक कार्रवाई करे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' संकल्प अभियान का स्वागत किया जाना चाहिए, पर तेजी से नासूर बनती जा रही इस समस्या का समाधान मात्र संदेश नहीं, सख्ती से ही संभव होगा। इस अभियान के अंतर्गत 100 सप्ताह तक हर रविवार को खेल, कला और संस्कृति आदि गतिविधियों के माध्यम से देश भर में युवाओं को नशा मुक्ति का संदेश दिया जाएगा। स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, सामाजिक संस्थाओं और औद्योगिक संगठनों के अलावा 100 से भी ज्यादा आध्यात्मिक संगठनों के सहयोग से यह अभियान चलाया जायेगा। जागरूकता की दृष्टि से यह निश्चय ही एक बड़ा अभियान होगा। तेजी से युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रही नशे की लत के विरुद्ध जागरूकता अभियान की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता, पर स्वयं प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि भारत में ड्रग्स की सप्लाई दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का हिस्सा है। ऐसे में 100 रविवार जागरूकता अभियान मात्र चला कर नशामुक्त भारत का सपना आशावाद का ज्यादा नजर आता है। बेशक नशे की समस्या भारत में हाल-फिलहाल पैदा नहीं हुई। कभी पूर्वोत्तर से शुरू यह लत सीमावर्ती पंजाब और पड़ोसी हरियाणा तक पहुंच चुकी है। इससे अछूता रहने का दावा तो शायद ही कोई राज्य कर पाये, क्योंकि गुजरात के बंदरगाहों तक पर बड़ी-बड़ी खेप जब्त हुई हैं।

प्रधानमंत्री का दावा है कि ड्रग्स तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई पहले की तुलना में कई गुणा बढ़ी है, लेकिन तरह-तरह के ड्रग्स की देश के दूरदराज क्षेत्रों में भी सहज उपलब्धता सरकारी कार्रवाई को नाकाफी ही साबित करती है। यह तो खुला रहस्य है कि तमाम तरह का नशा सीमा पार से तस्करी हो कर ही भारत आता है। भारत की भौगोलिक स्थिति के मद्देनजर यह काम दशकों से चल रहा है। सच यह भी है कि ड्रग्स तस्करी अब आतंकवादियों की फंडिंग का भी बड़ा स्रोत बन चुकी है। नापाक पड़ोसी पाकिस्तान हमारे देश में नशा तस्करी का एकमात्र स्रोत तो नहीं है, लेकिन शायद सबसे बड़ा स्रोत वही है। दरअसल विभाजन के जरिये अस्तित्व में आने के बाद से ही पाकिस्तान ने भारत के विरुद्ध बहुआयामी छद्म युद्ध छेड़ रखा है। कश्मीर से पंजाब तक पाकिस्तान न सिर्फ आतंकवाद का पालन-पोषण कर रहा है, बल्कि उसके लिए धन भी नशा तस्करी और जाली करंसी के जरिये भारत से ही जुटा रहा है। कहना नहीं होगा कि नशा तस्करी जहां भारतीय युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से बीमार बना रही है, वहीं जाली करंसी अर्थव्यवस्था को खोखला कर रही है। बेशक भारत इस सबसे अनभिज्ञ नहीं है और हरसंभव कदम भी उठा रहा है, लेकिन पाकिस्तानी दुष्चक्र को पूरी तरह तोड़ा नहीं जा सका है। सीमावर्ती पंजाब में युवाओं को नशे ने इस कदर खोखला कर दिया है कि उस पर 'उड़ता पंजाब' फिल्म भी बन चुकी है। पिछले कई चुनाव से पंजाब में नशा बड़ा चुनावी मुद्दा रहा है और पुलिस से ले कर राजनेताओं तक पर तस्करी में संलिप्तता के आरोप भी



लगते रहे हैं, पर उससे मुक्ति का वायदा अभी तक कोई भी सरकार वफा नहीं कर पाई है। युवा किसी भी देश का भविष्य होते हैं। फिर भारत तो है ही युवा आबादी बहुल देश। ऐसे में युवाओं के नशे के दलदल में फंसने का दुष्प्रभाव देश के वर्तमान ही नहीं, भविष्य पर भी दूरगामी होगा। तमाम तरह के नशे जिस तेजी से भारतीय युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहे हैं, उसके आंकड़े डरावने हैं, पर उस पर अपेक्षित चिंता सरकारों और उनकी एजेंसियों में नजर आती नहीं। भारत का संविधान 'मद्य निषेध' की सोच रखता है, पर देश में 15 करोड़ से भी ज्यादा लोग शराब पीते हैं, जिसकी जायज बिक्री के एवज में सरकारें मोटा राजस्व वसूलती हैं और शराब की बोतल एवं दुकानों पर चेतावनी लिखवा कर अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ लेती हैं। देश में लगभग तीन करोड़ लोग गांजे का सेवन करते हैं, जबकि दो करोड़ के आसपास हेरोइन आदि ड्रग्स का नशा करते हैं। आंकड़े तब और भी डरावने हो जाते हैं, जब पता चले कि इन नशाखोरों में किशोर और युवा भी बड़ी संख्या में शामिल हैं। जाहिर है, नशा तस्करी जहां कानूनी चुनौती है, वहीं नशाखोरी एक बड़ी सामाजिक समस्या बन गयी है, जिससे परिवार तबाह हो रहे हैं। इस समस्या से लड़ने और उबरने में मदद के लंबे-चौड़े दावे भी किये जाते हैं, लेकिन कड़वा सच यह है कि नशे की लत के शिकार 80-90 प्रतिशत लोगों को तो इलाज ही नहीं मिल पाता। ज्यादातर नशा मुक्ति केंद्र भी यातना केंद्र बन गए हैं। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक ही लगभग पौने छह करोड़ लोग शराब पीने से होनेवाली समस्याओं से जूझ रहे हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2020 में भारत में प्रति व्यक्ति शराब की खपत 3.1 लीटर थी, जो 2023 में 3.2 लीटर हो गई और 2028 में 3.4 लीटर हो जाने की संभावना है। भारत में 60 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया शराब का बाजार बताता है कि कारोबारी मोटा मुनाफा कमा रहे हैं और सरकारें भरपूर राजस्व वसूल रही हैं। अन्य ड्रग्स का कारोबार गैर कानूनी है, इसलिए उसकी बाबत ऐसे ठोस आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन सभी जानते हैं कि चोरी छिपे बिकनेवाली चीज मुंह मांगी कीमत पर ही मिलती है और उसके कारोबार से होनेवाला मुनाफा भी अकूत होता है। तभी तो लोग ऐसे जोखिमभरे कारोबार में दांव लगाते हैं और पुलिस-प्रशासन से ले कर खरीददारों तक अपना नेटवर्क बनाते हैं। ऐसे में नशाखोरी का मर्ज तेजी से नासूर ही बनता जा रहा है। वैसे तो इलाज की कोई ईमानदार कोशिश नजर आती नहीं, फिर भी सरकारी दावों पर भरोसा करें तो कहना पड़ेगाः 'मर्ज बढ़ता गया ज्यों-ज्यों दवा की', पर अब तो मर्ज इलाज की हद से गुजर चुका है। अब इसकी शल्य चिकित्सा ही हो सकती है, जिसके लिए सबसे पहले व्यवस्था की शल्य चिकित्सा करनी होगी, क्योंकि बिना व्यवस्था के संरक्षण के ड्रग्स तस्करी सरीखा संगठित आपराधिक कारोबार भारत में फल-फूल ही नहीं सकता था। पूर्वोत्तर से ले कर पंजाब तक राजनेताओं और पुलिस-प्रशासन की संलिप्तता की चर्चाएं आम रही हैं, लेकिन इन खास लोगों की लगाम कसने का साहस अभी तक तो किसी ने नहीं दिखाया। अगर प्रधानमंत्री मोदी नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही भ्रष्ट व्यवस्था की शल्य चिकित्सा भी कर पाये, तो अवश्य नशा मुक्त भारत का सपना साकार हो सकता है। कोई भी देश अपने नागरिकों से ही विकसित बनता है। जब देश के नागरिक स्वस्थ्य, सभ्य तथा सामाजिक –आर्थिक रूप से खुशहाल होंगे, तभी सही मायने में विकसित भारत का सपना साकार हो पाएगा।

दिवस विशेष
डॉ.रमेश ठाकुर



# 'हिरोशिमा त्रासदी' की विभीषिका का दर्द

मानव इतिहास में '6 अगस्त 1945' की मनहूस तारीख को शायद ही कोई भूल पाए। 'हिरोशिमा दिवस' के रूप में मनाई जाती है ये तारीख। इस तारीख में सिर्फ तबाही लिखी थी। तारीख में ऐसा मुकर्रर वक्त था, जिसने मात्र 16 मिनट के भीतर 1,30,000 लोगों की सांसें एक साथ रोकी थी। हताहतों का आकंड़ा फिलहाल सरकारी है, पर वास्तिवक संख्या इससे कहीं अधिक बताई जाती है। हिरोशिमा पर किए परमाणु हमले में मरने वालों में बूढ़े, बच्चे, नौजवान, औरतें भी थीं। सुबह करीब 8:15 बजे अमेरिका ने हिरोशिमा पर अपने 'बी-29 'एनाला गे' विमान द्वारा आसमान से परिमाणु बमों की बारिश करके पूरा शहर जिंदा जला दिया था। घटना के वक्त ज्यादातर लोग सोए हुए थे, परमाणु बम ने उन्हें सोता ही मार दिया। हिरोशिमा में जब परमाणु बम फोड़ा गया, तो जापानियों को लगा कि सूरज फटा है। जबकि, वह सूरज नहीं, बल्कि तथाकथित विकसित, सभ्य और मुट्ठी भर लोगों का निर्णय तथा एक महाशक्ति द्वारा निर्मित कृत्रिम सूरज था, जिसकी आग में लाखों निर्दोष लोग भाप बनकर चंद मिनटों में उड़ गए। घटना का सामूहिक हत्यारा अमेरिका था। अगस्त माह की जब 6 तारीख आती है या फिर परमाणु हथियारों की बढ़ती तादात पर वैश्विक मंचों पर विमर्श होता है, तो जापान की दिल दहला देने वाली यह घटना आंखों के सामने अनायास उमड़ पड़ती हैं। घटना को श्रद्धांजलि के तौर पर ही सालाना 6 अगस्त को 'हिरोशिमा दिवस' के रूप में विश्व मनाता है। यह दिन उन मुल्कों को संकल्पित होने को आहवान भी करवाता है, जो परमाणु बम फोड़ने की अनावश्यक धमकी दिया करते हैं। साथ ही अहिंसा, त्रासदी, को छोड़कर भाईचारा अपनाने और शांति के पथ पर चलने को जागरूश्क भी करता है। 1945 में अमेरिका द्वारा जापान के दो शहरों पर गिराए गए अलग-अलग तारीखों पर परमाणु बम की यह कहानी काले अध्याय के रूप में तबतक दर्ज रहेगी, जबतक दुनिया इस धरती पर वास करेगी। 6 अगस्त को गिराए पहले बम का नाम 'एनाला गे' था। वहीं, 9 अगस्त वाले बम का नाम 'लिटिल बॉय' यानी यूरेनियम-आधारित परमाणु बम था। जापान का जब तक अस्तित्व रहेगा, उनके लोग अमेरिका को माफ नहीं करेंगे। पाकिस्तान, अमरिका जैसे मुल्क आज भी परमाणु बमों को फोड़ने की धमकी देते हैं। इसलिए हिरोशिमा दिवस उनके लिए चेतावनी के अलावा सीख जैसा भी है। हिरोशिमा की घटना को आज 81 वर्ष हो गए, लेकिन दुर्भाग्य संसार आज भी युद्ध-हिंसा में संलग्न है। यूं कहें कि परमाणु हथियारों के ढेर पर बैठा है। हाल में, अमेरिका द्वारा ईराक पर परमाणु हमले की धमकी देना, दुनिया भर में बढ़ती हिंसा की घटनाएं और हथियारों को इकट्ठा करने की होड़ के बीच हमारे सामने यह प्रश्न खड़ा होता है कि हम हिरोशिमा और नागासाकी की घटनाओं से क्या कुछ सबक सीख पाए या नहीं? 81 साल पहले 2,50,000 हजार लोगों को मारकर भी अमेरिका को शांति नहीं मिली? अमेरिका की दादागिरी को जवाब देने का वक्त आ चुका है इसके लिए वैश्विक स्तर पर सभी मुल्कों को एकजुट होना होगा। साथ ही परमाणु हथियारों के निर्माणों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने की दिशा में सभी देशों को सामूहिक पहल करने की जरूरत है। गौरतलब है कि हिरोशिमा त्रासदी की ये तारीख निरस्त्रीकरण और आदर्शवादी की वह अवधारणा है जो पूरी तरीके से हथियारों की समाप्ति का समर्थन करती है। हालांकि, निरस्त्रीकरण या शस्त्र नियंत्रण कोई नई घटना नहीं है। इसको सर्वव्यापी मान्यता भले ही द्वितीय विश्व युद्ध के बाद मिली हो। पर, इसका मौजूदा वक्त में नियंत्रण खुराफाती मुल्कों ने खत्म कर दिया है। जबकि, 19वीं शताब्दी में राष्ट्रों के मध्य निरस्त्रीकरण के लिए बकायदा समझौते भी हुए थे। हथियारों की मात्रा को घटाने में बहुत कुछ करने की जरूरत है। एकाध देश कुछ नहीं कर सकते। सभी को आगे आना होगा। भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ के नियमों का कभी भी उल्लंघन नहीं किया। पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद कभी कोई प्रयोग नहीं किया। भारत सदैव इस बात का पक्षधर रहा है कि परमाणु हथियारों का बेजा इस्तेमाल कभी ना किया जाए। इस मसले पर 26 जनवरी 1946 को संयुक्त राष्ट्र ने अणु ऊर्जा आयोग की स्थापना की।

# गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित
दर्शन

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा। अपनी छवि के प्रति अत्यंत चौकस अधिसंख्य व्यक्ति अपने गलत कार्य या कथन की वैसी संरक्षा करेंगे जैसे सद्गुण या शील दांव पर हो।

# जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## सटाका




## आज की पाती

### सरकारी धन का उचित प्रयोग करें सरकारें

देश में बहुत से राज्यों के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, जैसे कि कहीं सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं अर्थात सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए इलाज की सुविधाएं नहीं, कहीं स्ट्रीट लाइट, कहीं सफाई व्यवस्था, कहीं पीने वाले पानी की समस्या, कहीं टूटी सड़कें, लेकिन इनमें से कुछ राज्य बेवजह ही सरकारी पैसे को मुफ्त में लोगों को बांट रहे हैं। अगर इस सरकारी पैसे को ज्यादा से ज्यादा आम लोगों को मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए खर्च किया जाए तो लोगों को सुविधाएं मिलेंगी, जो लोगों की साफ-सफाई, गरीबों को बीमारियों और अन्य बहुत सी समस्याओं को हल करेंगी। इसी तरह बुजुर्गों के लिए बुढ़ापा पेंशन कम से कम 5000 रुपये प्रति माह होनी चाहिए। - *विजय शर्मा, रोहतक*

## करंट अफेयर

# मैसाचुसेट्स ने 15 अगस्त को 'इंडिया डे' किया घोषित

मैसाचुसेट्स की गवर्नर मॉरा हेली ने राज्य के विकास में भारतीय समुदाय के योगदान को मान्यता देते हुए 15 अगस्त को 'इंडिया डे' घोषित किया है और राज्य के निवासियों से इस अवसर के आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया। एक अगस्त को जारी सरकारी आदेश में गवर्नर ने यह भी कहा कि सामुदायिक संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने वार्षिक स्वतंत्रता दिवस समारोहों तथा सामुदायिक सेवा गतिविधियों के माध्यम से नागरिक भागीदारी, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी समझ को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी तरह की घोषणा बोस्टन की मेयर मिशेल वू ने भी की है।



## ऑफ बीट

# जानें कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों?



ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं।

## ट्रेंड

### व्यापक बदलाव



सात वर्ष पहले आज ही के दिन अनुच्छेद 370 और 35ए इतिहास बन गए, जिससे जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के विकास की नई शुरुआत हुई। दोनों क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी व लोगों के जीवन में व्यापक बदलाव देखने को मिला। -**नरेंद्र मोदी**, पीएम

### शीर्ष कोर्ट में 38 जज होंगे



न्यायपालिका के बढ़ते कार्यभार, संवैधानिक एवं कानूनी व्याख्या के उभरते नए सवालों को ध्यान में रखकर उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाना समय की मांग है। अब शीर्ष अदालत में प्रधान न्यायाधीश को मिलाकर कुल 38 न्यायाधीश हो जाएंगे। -**अर्जुन राम मेघवाल**, केंद्रीय मंत्री

### गृहमंत्री जिम्मेदार



छात्रों के खिलाफ हुई हिंसा के लिए भारत के गृह मंत्री जिम्मेदार हैं। उनमें न तो संसद में आकर इस मुद्दे पर बोलने का शिष्टाचार है और न ही यह बताने का साहस कि आखिर क्या हुआ। मुझे युवाओं और उन नौजवानों पर गर्व है, जिन्होंने संविधान, भारत की अवधारणा व देश के भविष्य की रक्षा के लिए आवाज उठाई। -**राहुल गांधी**, नेता विपक्ष

### बुनियादी ढांचे का निर्माण



जेन-जेड को यह जानना चाहिए। महज 12 वर्षों में भाजपा-नीत सरकार ने भारत के आधुनिक बुनियादी ढांचे का 60-70 प्रतिशत से अधिक निर्माण किया है। शेष 30-40 प्रतिशत का निर्माण कांग्रेस-नीत सरकारों के करीब 60 वर्षों के शासन के दौरान हुआ। -**पेमा खांडू**, मुख्यमंत्री अरुणाचल प्रदेश

## संक्षेप

### एडीएम ने बारिश में डूबने से बचाव को एडवाइजरी जारी

**नदियों, तालाबों के किनारे सावधानी बरतने और जर्जर मकानों से दूर रहने की अपील**

अमेठ ,अपर जिलाधिकारी ज्योति सिंह ने लगातार बारिश के बीच डूबने की घटनाओं की रोकथाम के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने अभिभावकों, बच्चों और बुजुर्गों से नदियों, तालाबों और नहरों के किनारे सावधानी बरतने की अपील की है। साथ ही जर्जर और क्षतिग्रस्त मकानों में न रहने की सलाह भी दी गई है।एडीएम ने उन लोगों को नदियों, तालाबों और घाटों के किनारे जाने से बचने की सलाह दी है जो तैरना नहीं जानते। किसी नए जलाशय में उतरने से पहले उसकी गहराई और बहाव की जानकारी लेने को कहा गया है। अभिभावकों से बच्चों को पुलों, गहरे गड्ढों और तेज बहाव में नहाने से रोकने की अपील की गई है। बच्चों को पुल या ऊंची जगहों से पानी में छलांग लगाने, जलाशयों में खेलने और स्नान के दौरान सेल्फी लेने से भी मना किया गया है।यदि कोई व्यक्ति डूब रहा हो, तो स्वयं पानी में उतरकर जान जोखिम में न डालने की सलाह दी गई है। धोती, साड़ी, रस्सी या बांस की मदद से उसे बाहर निकालने और आसपास के लोगों को मदद के लिए बुलाने को कहा गया है। आपात स्थिति में तुरंत पुलिस आपातकालीन सेवा 112 पर सूचना देने का निर्देश है। एडीएम ने डूबे व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देने के तरीके भी बताए।इसमें सबसे पहले मुंह में फंसी वस्तु को हटाना, सांस और नब्ज जांचना शामिल है। सांस न आने पर मुंह से मुंह लगाकर दो बार सांस देने और छाती के बीच 30 बार दबाव बनाने की प्रक्रिया को 3 से 4 बार दोहराकर तुरंत अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई है।बारिश को देखते हुए, एडीएम ने लोगों से जर्जर, क्षतिग्रस्त और असुरक्षित भवनों में न रहने की अपील की है। मकान कमजोर लगने पर तुरंत सुरक्षित स्थान पर जाने और प्रशासन को सूचना देने का आग्रह किया गया है। प्रशासन ने सभी से सुरक्षा निर्देशों का पालन कर स्वयं और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है।

### उर्वरक दुकानों पर कार्रवाई

**ओवररेटिंग पर 2 लाइसेंस निलंबित, 111 दुकानों का औचक निरीक्षण**

अमेठी , डीएम संजय चौहान के निर्देश पर बुधवार को अमेठी जनपद में उर्वरक दुकानों पर बड़ा अभियान चलाया गया। इस दौरान ओवररेटिंग पाए जाने पर दो उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए, जबकि 27 दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कुल 111 उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। यह अभियान किसानों को खाद की कालाबाजारी और निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बिक्री से राहत दिलाने के उद्देश्य से चलाया गया।जनपद के सभी 13 विकासखंडों में एक साथ छापेमारी के लिए 13 गठित की गई थीं। निरीक्षण के दौरान सामने आईं।इनमें रेट बोर्ड और स्टॉक बोर्ड का न लगा होना या पुराना होना, पीओएस मशीन के आंकड़ों और भौतिक स्टॉक में अंतर, कई प्रतिष्ठानों का बंद मिलना और अभिलेखों का अधूरा पाया जाना शामिल है।

# स्तनपान से शिशु का बेहतर स्वास्थ्य, माताओं को भी रखना चाहिए विशेष ध्यान

## किसान पीजी कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग ने मनाया विश्व स्तनपान सप्ताह

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। किसान पीजी कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग की ओर से 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। इस दौरान छात्राओं के लिए पोस्टर प्रतियोगिता, व्याख्यान एवं शैक्षणिक भ्रमण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम के तहत गृह विज्ञान विभाग की करीब 10 छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। यहां छात्राओं ने स्तनपान कराने वाली माताओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना और उनके समाधान के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने छात्राओं को चिकित्सालय का भ्रमण कराया तथा उनका मनोबल बढ़ाया।गृह विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. तस्नीम फातिमा जैदी ने कहा कि शिशु के साथ-साथ मां का स्वास्थ्य भी बेहद महत्वपूर्ण है। यदि मां अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखती है तो वह अपने शिशु को बेहतर पोषण और स्वस्थ भविष्य दे सकती है। उन्होंने माताओं को सीजनल सब्जियों और फलों का पर्याप्त मात्रा में सेवन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आसपास उपलब्ध पौष्टिक सब्जियों और खाद्य पदार्थों को भोजन में शामिल करना चाहिए।बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पायल वर्मा ने कहा कि मां का पहला दूध शिशु के लिए वरदान है। वहीं बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा शाइस्ता ने कहा कि नवजात शिशु को सदैव मां के पास रखा जाना चाहिए, जिससे उसे पर्याप्त देखभाल और स्तनपान मिल सके। विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान आयोजित गतिविधियों का उद्देश्य छात्राओं एवं माताओं को स्तनपान के महत्व, मातृ स्वास्थ्य और शिशु के बेहतर पोषण के प्रति जागरूक करना रहा।

# या हुसैन की सदाओं के साथ गमगीन माहौल में निकला चेहल्लुम का जुलूस, हजारों अकीदतमंद हुए शामिल

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा से सटे रुपईडीहा कस्बे में शुक्रवार को चेहल्लुम का जुलूस बेहद गमगीन और अकीदत भरे माहौल में निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए और पूरी राह मौला हुसैन की याद में ह्लया हुसैनह्व की सदाएं बुलंद होती रहीं। रूपईडीहा में चेहल्लुम का जुलूस शाम करीब छह बजे चकिया चौराहे से शुरू हुआ। जुलूस कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए रुाईडीहा बाजार पहुंचा। यहां से जुलूस चेकिया रोड स्थित कर्बला की ओर रवाना हुआ। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने नम आंखों से मौला हुसैन और उनके साथियों की शहादत को याद किया।कर्बला पहुंचने के बाद गमगीन माहौल में ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अकीदतमंदों ने मौला हुसैन की शहादत को याद करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। जुलूस के दौरान पूरे मार्ग पर धार्मिक नारों और मातम की सदाएं गूंजती रहीं।चेहल्लुम के जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। रुपईडीहा थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्र पुलिस बल के साथ जुलूस के साथ मौजूद रहे और पूरे मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। संवेदनशील स्थानों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। पुलिस टीम ने जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए लगातार निगरानी रखी। शांतिपूर्ण माहौल में चेहल्लुम का जुलूस संपन्न होने पर पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली।इस अवसर पर केंद्रीय मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल माजिद अंसारी अपनी पूरी टीम के साथ जुलूस को व्यवस्थित करते हुए करबला तक पहुंचाया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए थाना प्रभारी रूपईडीहा हरेंद्र कुमार मिश्रा को धन्यवाद दिया।

# शहीद नमन यात्रा पर गोष्ठी का हुआ आयोजन, शहीदों को किया याद

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन बहराइच के तत्वाधान में दिनांक 8 अगस्त 2026 को विकासखंड नवाबगंज (बाबागंज) कार्यालय परिसर में स्थित सेनानी शीला स्तंभ पर शहीद नमन यात्रा के अंतर्गत शहीदों को श्रद्धांजलि पुष्पांजलि अर्पित करके सेनानियों को शत- शत नमन किया गया। वंदे मातरम का गायन हुआ। इसके पश्चात ब्लॉक सभागार में एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष रामदीन गौतम ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री रमेश कुमार मिश्रा, विशिष्ट अतिथि विशेष कार्य अधिकारी भानु प्रताप त्रिवेदी, कामरान सिद्दीकी शहर अध्यक्ष, अजय सिंह संगठन मंत्री बहराइच, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर ए एम सिद्दीकी एवं सभा का संचालन बद्री सिंह ने किया। जिसमें उपरोक्त वक्ताओं ने अगस्त क्रांति के अवसर पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया और देश के प्रति सजक रहने का आवाहन किया। जिस मौके पर रामसूरत यादव, रामसागर आर्य, विश्वनाथ प्रसाद आर्य, सत्यदेव साहू, सुखराम साहू, चंद्र प्रकाश, राजबहादु, शमशेर



बहादुर श्रीवास्तव, राज्जबली, राजेश गौतम, राजेश कुमार कौलिक, राजेंद्र प्रसाद आर्य, अजमत अली, संदीप कुमार गौतम, ओमप्रकाश, भवानीदीन, आदि सैकड़ो सेनानी परिवार उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के पश्चात सभा का समापन किया गया

# थाना दिवस में पहुंचे एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव, फरियादियों की सुनी समस्याएं

## शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई: एसपी

**मौके पर जाकर समयबद्ध तरीके से करें समाधान**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। थाना कैसरगंज परिसर में शनिवार को आयोजित थाना दिवस में उस समय फरियादियों में उम्मीद जगी, जब बहराइच पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव स्वयं थाना दिवस में पहुंचे और आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। एसपी ने एक-एक कर फरियादियों से उनकी शिकायतों के बारे में जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। थाना दिवस के दौरान जमीन संबंधी विवाद, आपसी विवाद, रास्ते, कब्जे, राजस्व एवं पुलिस से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर फरियादी पहुंचे।एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रखा जाए, बल्कि मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति की जांच की जाए और निष्पक्ष तरीके से समस्या का समाधान कराया जाए। एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी शिकायतकर्ता से संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करें तथा जरूरत पड़ने पर पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर भेजकर विवाद का समाधान कराएं। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण तत्काल अथवा निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आमजन को बार-बार अधिकारियों के कार्यालय एवं थाने के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने पुलिस कर्मियों को जनता के साथ शालीन, संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार करने की हिदायत भी दी। एसपी ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद एवं विश्वास ही प्रभावी कानून-व्यवस्था की मजबूत बुनियाद है। प्रत्येक फरियादी की बात धैर्यपूर्वक सुनी जाए और उसकी समस्या के समाधान के लिए पूरी गंभीरता के साथ कार्रवाई की जाए।

**राजस्व और पुलिस अधिकारियों को समन्वय से काम करने के निर्देश**

थाना दिवस में भूमि एवं राजस्व से जुड़े मामलों के निस्तारण को लेकर भी एसपी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग आपसी समन्वय बनाकर मौके पर जाएं और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए विवादों का निस्तारण सुनिश्चित करें। किसी भी मामले में एक पक्षीय कार्रवाई से बचते हुए तथ्यों की निष्पक्ष जांच की जाए। एसपी ने अधिकारियों से यह भी कहा कि थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों की लगातार मॉनिटरिंग की जाए और शिकायतकर्ता को उसके प्रकरण में हुई कार्रवाई की जानकारी भी दी जाए। इससे आमजन में पुलिस एवं प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत होगा।थाना दिवस के दौरान पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी पूरी मुस्तैदी के साथ मौजूद रहे। फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से दर्ज किया गया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज प्रशांत कुमार नायक, पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डीके श्रीवास्तव, एसपी सिटी बहराइच, थाना अध्यक्ष कैसरगंज राजकुमार पांडेय सहित राजस्व विभाग के कानूनगो, लेखपाल तथा पुलिस विभाग के बड़ी संख्या में जवान मौजूद रहे। थाना दिवस के दौरान एसपी की मौजूदगी और सख्त निर्देशों से पुलिस एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों में स्पष्ट संदेश गया कि फरियादियों की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर और तय समय-सीमा के भीतर किया जाना चाहिए।

# रूपईडीहा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर




रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ युवक के अपहरण, मारपीट कर घायल करने, धारदार हथियार से चोट पहुंचाने तथा ज्वलनशील पदार्थ डालकर जान से मारने के प्रयास का आरोप है।गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया।पुलिस के मुताबिक ग्राम कनहरा, मजरा सुमेरपुर निवासी रामफेरन ने 21 मई 2026 को थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनका पुत्र रोहित 17 मई को शाम करीब तीन बजे नवाबगंज स्थित अपने मामा के यहां गया था, जहां से उसका अपहरण कर लिया गया।इसके बाद 19 मई को करीब साढ़े आठ बजे वह चकरोड किनारे एक पेड़ से रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला। परिजनों ने आरोप लगाया कि रोहित को लाठी-डंडों से पीटने के साथ ही धारदार हथियार से चोट पहुंचाई गई तथा ज्वलनशील पदार्थ डालकर उसकी हत्या का प्रयास किया गया। तहरीर के आधार पर रूपईडीहा थाने में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी भी की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक प्रकाश सरोज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना रूपईडीहा क्षेत्र के कटरा जमोग बाजार से शुक्रवार को मुकदमे में वांछित आरोपी प्रधान समशाद पुत्र अब्दुल रऊफ (करीब 48 वर्ष), निवासी सुमेरपुर, थाना रूपईडीहा, जनपद बहराइच को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय रवाना कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान मानवाधिकार आयोग एवं सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन किए जाने की बात पुलिस ने कही है।

# रुपए लौटाने के बहाने बुलाकर की दोस्त की हत्या

## अलीगढ़ के अब्दुल्ला का शव ठिकाने लगाने में साले ने की मदद, आरोपी अरेस्ट

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़ ,मिले अब्दुल्ला के शव के मामले में पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। जांच में सामने आया कि दो लाख रुपये के उधार पर बढ़े ब्याज को लेकर हुए विवाद में उसकी हत्या की गई थी। मुख्य आरोपी ने रुपये लौटाने के बहाने अब्दुल्ला को घर बुलाया और लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर उसकी जान ले ली। इसके बाद अपने साले की मदद से शव को कार में रखकर खेत में फेंक दिया। 2 अगस्त को पुलिस को हकीमगढ़ी गांव के पास खेत में एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली थी। जांच में मृतक की पहचान ऊपरकोट निवासी अब्दुल्ला पुत्र मोहम्मद के रूप में हुई। परिजनों की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। 2 लाख का कर्ज, ब्याज बढ़कर हुआ 4.30 लाख पुलिस जांच में पता चला कि करीब 16 महीने पहले आरोपी साबिर ने अब्दुल्ला से दो लाख रुपये उधार लिए थे। ब्याज जोड़ने पर रकम बढ़कर करीब 4.30 लाख रुपये हो गई। पुलिस के मुताबिक, इसी रकम को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। पुलिस के अनुसार, 1 अगस्त को साबिर ने अब्दुल्ला को रुपये लौटाने का झांसा देकर अपने घर बुलाया। वहां पहले से बनाई गई साजिश के तहत उसने लोहे की रॉड से अब्दुल्ला के सिर पर कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**साले को बुलाया, कार में रखकर खेत में फेंका शव**

हत्या के बाद साबिर ने अपने साले शाहरुख खान को फोन कर बुलाया। शाहरुख अल्टो कार लेकर पहुंचा। दोनों ने मिलकर शव को कार में रखा और हकीमगढ़ी पुलिया के पास खेत में फेंक दिया, ताकि पहचान न हो सके और पुलिस को गुमराह किया जा सके। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी साबिर को 2 अगस्त को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। अब शव ठिकाने लगाने में मदद करने वाले शाहरुख खान को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# ई-बस से कुचलकर अधेड़ की मौत

## कपड़ों से मिला शराब पाउच, 100 का नोट मिला; पहचान नहीं हो पाई

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, भीड़भाड़ वाले केरूगंज तिराहे पर शाम पांच बजे एक ई-बस की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार, व्यक्ति चलते समय अचानक गिर गया और ई-बस के पिछले पहिये के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा चौक कोतवाली क्षेत्र के केरूगंज तिराहे पर हुआ। मृतक की उम्र करीब 50 साल बताई जा रही है। वह सड़क किनारे चल रहा था तभी एक ई-बस ने मुड़ने की कोशिश की और व्यक्ति अचानक सड़क पर गिर गया। बस के पिछले पहिये के नीचे आने से उसकी जान चली गई।शाहजहांपुर में ई-रिक्शा की चपेट में आकर अधेड़ की मौत हो गई।शाहजहांपुर में ई-रिक्शा की चपेट में आकर अधेड़ की मौत हो गई।हादसे के बाद मौके पर खून बिखर गया और लोगों की भीड़ जमा हो गई। तिराहे पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्काल आलाधिकारियों को सूचना दी। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप राय भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से व्यक्ति को बस के पहिये के नीचे से बाहर निकाला और अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के कपड़ों की तलाशी ली, तो उसकी जेब से शराब का एक पाउच और 100 रुपये का एक नोट मिला। पुलिस ने आशंका जताई है कि हो सकता है कि व्यक्ति पास के शराब ठेके से शराब पीकर बाहर आया हो पुलिसकर्मी शराब ठेके और आसपास के इलाकों में जाकर उसकी पहचान कराने का प्रयास कर रहे हैं।

# युवती आत्महत्या मामला, आरोपी गिरफ्तार

## प्रतापगढ़ में बोला– शादी का दबाव बना रही थी, इनकार पर दी जान

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में अमित कुमार सोनकर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने दोपहर करीब तीन बजे फरार चल रहे आरोपी को पाटीहार के पास से पकड़ा। मृतका के भाई की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।मृतका के भाई ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी बहन अमृता का अमित कुमार सोनकर से प्रेम-प्रसंग था। अमृता अमित से शादी करना चाहती थी, लेकिन अमित लगातार शादी से इनकार कर रहा था। आरोप है कि शादी से इनकार और अपमानजनक बातें कहने से आहत होकर अमृता 3 अगस्त 026 क पुलिस पूछताछ में आरोपी अमित ने बताया कि वह अमृता को कई वर्षों से जानता था और दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। अमित के अनुसार, अमृता उस पर शादी के लिए दबाव बना रही थी, जबकि वह शादी नहीं करना चाहता था। 3 अगस्त को अमृता के परिजनों ने उसे घर बुलाकर शादी की बात की, जिस पर उसने इनकार कर दिया था। आरोपी ने बताया कि अमृता ने उससे कहा था कि यदि वह शादी नहीं करेगा तो वह अपनी जान दे देगी। इस पर उसने गुस्से में कथित तौर पर कहा कि उसे कोई फर्क नहीं पड़ता और वह किसी भी कीमत पर शादी नहीं करेगा। इसके बाद वह वहां से चला गया। अगले दिन उसे अमृता के आत्महत्या करने की जानकारी मिली। पुलिस के अनुसार, मामला दर्ज होने के बाद आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था।

# परिवार के 6 लोगों की सोते वक्त मौत

## इनमें मां-बाप, बेटा-बहू, 2 बच्चे; मकान ढहा, कई फीट मलबे में दबे...चीख भी नहीं पाए

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,लगातार बारिश के बीच 100 साल पुराना मकान ढह गया। हादसे में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में माता-पिता, छोटा बेटा, बहू और उसके दो मासूम बच्चे शामिल हैं। 7 लोगों के परिवार में अब सिर्फ बड़ा बेटा जिंदा बचा है। रात गर्मी और उमस के कारण परिवार के सभी 7 सदस्य अउ वाले कमरे में सो रहे थे। रात करीब 2 बजे, जब सभी गहरी नींद में थे, तभी अचानक कमरे की छत भरभराकर गिर गई। किसी को संभलने या मदद के लिए चीखने तक का मौका नहीं मिला छत गिरते ही पूरा परिवार कई फीट ऊंचे मलबे में दब गया। बड़ा बेटा अमन कमरे के किनारे सो रहा था। वह किसी तरह मलबे से बाहर निकल आया और शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी को मलबे से निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, मलबे में दबने और दम घुटने से उनकी मौत हो गई। हादसे में मकान मालिक प्रमोद श्रीवास्तव (60), उनकी पत्नी रीता (55), छोटा बेटा नितिन (25), बहू माधुरी (23) और माधुरी के दो बेटे माधव (2) व अद्विक (10 माह) की मौत हो गई। बड़ा बेटा अमन (28) हादसे में बच गया। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह हादसा नगर कोतवाली क्षेत्र के महुली मोहल्ले में हुआ।

**पुश्तैनी मकान में रहता था परिवार, हाल में 75 लाख में जमीन बेची थी**

प्रमोद श्रीवास्तव दो भाइयों में बड़े थे। छोटे भाई पवन ने अलग मकान बनवा रखा है। वे प्रतापगढ़ कचहरी परिसर में चाय की दुकान चलाते हैं। प्रमोद पुश्तैनी मकान में रहते थे और रिक्शा चलाकर परिवार पालते थे। उनकी पत्नी गृहिणी थीं। कुछ समय पहले दोनों भाइयों ने अपनी पैतृक जमीन करीब 75 लाख रुपए में बेची थी। प्रमोद का मकान 1,300 वर्गफीट में बना था। इसमें दो कमरे, रसोई, शौचालय और बाथरूम थे। पूरे घर के चारों ओर बाउंड्रीवाल थी।

## संक्षेप

### यमुना का बढ़ा जलस्तर, प्रशासन अलर्ट

**लोगों से नदी किनारे न जाने की अपील, अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे**

बागपत ,पहाड़ों और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण यमुना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।पिछले चार दिनों से नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिससे प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। बाढ़ की स्थिति पर नजर रखने के लिए अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं और लोगों से नदी के किनारों से दूर रहने की अपील की गई है।बढ़ते जलस्तर को देखते हुए बाढ़ चौकियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। नदी किनारे निजी गोताखोर भी तैनात किए गए हैं, जो लोगों को सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से नदी के पास न जाने की सलाह दे रहे हैं। विशेष रूप से यमुना किनारे खेती करने वाले किसानों से नदी पार न करने और पूरी सावधानी बरतने की अपील की गई है। अपर जिलाधिकारी (एडीएम) विनीत उपाध्याय ने बताया कि यमुना के बढ़ते जलस्तर पर प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है।उन्होंने लोगों से अपील की कि वे नदी के किनारों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें और किसी भी तरह का जोखिम उठाने से बचें। प्रशासन का उद्देश्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### पुलिस ने लूट का खुलासा किया

**सिंघावली अहीर में फाइनेंस कंपनी एजेंट से हुई थी लूट, एक गिरफ्तार**

बागपत, सिंघावली अहीर थाना पुलिस ने एक लूट की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर लूटी गई रकम में से 8 हजार रुपये नकद और घटना में इस्तेमाल की गई एक अवैध देशी पिस्टल बरामद की है। यह घटना 4 अगस्त 2026 को हुई थी। मेरठ के परतापुर थाना क्षेत्र के पुडकी गांव निवासी पिल गौतम, जो सत्या फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन एजेंट हैं, ने सिंघावली अहीर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।उन्होंने बताया कि वह अपने साथी अभिषेक के साथ मोटरसाइकिल से कलेक्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उन्हें तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और कलेक्शन का बैग लूट लिया। बैग में कुल 55,700 रुपये नकद थे। पीड़ित की शिकायत के आधार पर सिंघावली अहीर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले के खुलासे के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया, जिसने मुखबिर की सूचना और साक्ष्यों के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर लूटी गई रकम में से 8 हजार रुाये और वारदात में प्रयुक्त अवैध देशी पिस्टल बरामद की है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं, इस मामले में फरार दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। अधिकारियों का कहना है कि उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बागपत पुलिस ने बताया कि जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है।लूट, चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं में शामिल आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# गांव में फैली गंदगी विकास के लिए तरस रहा केशवपुर गांव

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। वर्तमान सरकार शिक्षा स्वास्थ्य तथा सफाई पर जगह-जगह अपने कार्यों का डंका पीटती घूम रही है वहीं प्रदेश तथा जनपद के कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां कीचड़ दलदल में आज भी लोग जीवन यापन कर रहे हैं ताजा मामला फतेहपुर जनपद के बिंदकी विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर गांव केशवपुर का सामने आया जहां के ग्रामीणों ने मीडिया से मुखातिब होते हुए बताया कि गांव में विकास नाम से सरकार की कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं हुई ग्रामीणों ने अपना दुख दर्द बयां करते हुए बताया कि विधानसभा के वर्तमान विधायक जयकुमार जैकी को ग्रामीणों ने चुना था जहां लगभग 5 वर्ष की पूर्ण अवधि होने जा रही है परंतु विधायक जनप्रतिनिधि के गांव में दर्शन करने के लिए ग्रामीण तरस गए अर्थात चुनाव जीतने के बाद आज तक क्षेत्रीय विधायक ने गांव पहुंचकर विकास कार्यों की बात तो दूर लोगों के हाल खबर भी नहीं लिए वही गांव में इस पंचवर्षीय जनप्रतिनिधि द्वारा कोई भी कार्य नहीं किया गया गांव के उखड़े पड़े खरंजा कच्ची सड़के तथा पेयजल व्यवस्था की दशा दयनीय है तालाबों की साफ सफाई नहीं हुई जहां तालाब के अंदर मरी हुई मछलियां भी पड़ी रहती हैं जिसका पानी पीकर गांव के सैकड़ो जानवर बीमार हो चुके हैं गांव में बनी नालियां चारों ओर फैला कीचड़ कूरा करकट वर्तमान सरकार की छवि धूमिल करता नजर आ रहा है वही ग्रामीणों से जानकारी ली गई जहां ग्रामीणों ने बताया कि गांव में किसी भी प्रकार की कोई साफ सफाई कभी नहीं होती ना ही कभी स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवा का छिड़काव कराया गया जिससे गांव में निरंतर बीमारियां फैलती जा रही हैं और लोग बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं वही ग्रामीणों ने बताया कि यह विधानसभा का अंतिम गांव है इसलिए वोट मांगने के बाद जनप्रतिनिधि विधानसभा के अंतिम छोर को भूल जाते हैं ।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जनपद में चलाई गई एक सराहनीय मुहिम

## विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों ने प्रारंभ कराया समाचार पत्र का वाचन

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। सर्व शिक्षा अभियान सब पढ़े सब बढ़े को लेकर सार्थक प्रयास कर रही प्रदेश सरकार के साथ-साथ जनपद की जिलाधिकारी निधी गुप्ता वत्स के निर्देशन में शिक्षा विभाग की मुखिया बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्या ने जनपद के सभी विकासखंड शिक्षा क्षेत्रों में मुहिम चलाते हुए प्रार्थना सभा में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा समाचार पत्र का वाचन करने के लिए शिक्षकों को दिशा निर्देश दिए वही अनुपालन करते हुए जनपद के तेलियानी देवमई मलवा खजुआ तथा अमौली समेत सभी क्षेत्रों में स्थापित विद्यालयों में नन्हे मुन्ने बच्चों को प्रधानाध्यापकों द्वारा प्रार्थना सभा में प्रतिदिन समाचार पत्र का वाचन कराया जा रहा है बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि समाचार पत्र के वाचन से बच्चों में पठन-पाठन की क्षमता का विकास होता है वही हमारी मातृभाषा हिंदी का सुधार तथा संस्कृति भी दिन प्रतिदिन मजबूत होती है समाचार पत्रों के पढ़ने से बच्चों में बुद्धिमत्ता तथा चिंतन की क्षमता का विकास होता है वही राज्य देश समेत समूचे विश्व में होने वाले कार्य घटनाएं तथा कार्यक्रमों के बारे में भी खबरें पढ़ने में बच्चों की बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होती है बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्या ने जनपद के सभी प्राथमिक तथा परिषदीय विद्यालयों से अपील की कि प्रत्येक विद्यालय में समाचार चर्चा सत्र विद्यालय अंतर्गत कक्षाओं में भी आयोजित किया जाए जहां कक्षाओं में जनपद देश-विदेश के समाचार मनोरंजन ज्ञान विज्ञान तथा संपादकीय लेख बच्चों को एक नए ज्ञान से प्रभावित करेगा

# दीवार फांदकर चोरों ने लगाया गृह स्वामी को लाखों का चूना

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद, फतेहपुर।जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदीपुर गांव में एक पखवाड़े के अंदर फिर दूसरी चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया पूर्व काल में हुई बकरी चोरी के पश्चात पुनः एक बड़ा कारनामा करते हुए चोरों ने लाखों की चपत लगाई पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर ग्रामीण शहीद आलम पुत्र सफरअली बिगत दिवस शुक्रवार देर रात खाना खाकर बरामदे में सो गए वही प्रातः काल पीड़ित की पत्नी ने जागने के पश्चात देखा कि घर के कमरे के दरवाजे खुले पड़े हैं जहां पास में जाकर देखा तो सारा सामान तितर बितर था कमरे के अंदर रखा बड़ा बक्सा जिसका ताला भी टूटा हुआ नीचे पड़ा था बक्से में रखे 275000 नगद समेत सोने चांदी के जेवरात जैसे सोने का हार अंगूठी कान के झुमके सोने की बिंदी चांदी के आभूषण तीन जोड़ी पायल दो हाथ फूल बाल चोटी चांदी का हार 5 जोड़ी बिछिया समेत लाखों का सामान गायब मिला पीड़ित के अनुसार यह घटना सुबह पहर मध्य रात्रि के बाद लगभग 3 बजे की है पीड़ित ने घर के हालात देखते हुए नजदीकी पुलिस प्रशासन थाना जहानाबाद को सूचना दी जहां सूचना पाकर पहुंची पुलिस प्रशासन ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए साक्ष जुटाना प्रारंभ किया पीड़ित के मकान में भी सीसीटीवी कैमरे लगे थे उनका भी निरीक्षण किया गया वहीं आसपास के संदिग्ध लोगों के बारे में भी जानकारी करते हुए प्रशासन ने जल्द ही मामले के खुलासे का आश्वासन दिया

# शास्त्री नगर में घर-घर जाकर महिलाओं ने मांगा समर्थन

## बोलीं- एकजुट होकर आंदोलन को देंगी नई गति, सेटबैक नहीं छोड़ने पर अड़ीं

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,शास्त्री नगर सेक्टर-2 और सेक्टर-3 में कई महीनों से चल रहा महिलाओं का आंदोलन अब और तेज हो गया है। बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर उतरीं और जनसंपर्क अभियान चलाया। महिलाओं ने घर-घर जाकर लोगों से आंदोलन में शामिल होने और एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की। उनका कहना है कि यह मुद्दा केवल दो सेक्टरों का नहीं, बल्कि पूरे शहर के हित से जुड़ा है। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि उनका विरोध पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से जारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा और आने वाले दिनों में इसे और व्यापक बनाया जाएगा।

### यह पूरे शहर से जुड़ा मुद्दा

आंदोलनकारी महिलाओं का कहना है कि यह केवल सेक्टर-2 और सेक्टर-3 का मामला नहीं, बल्कि पूरे शहर और भविष्य में हर परिवार से जुड़ा मुद्दा है।उनका कहना है कि यदि आज इस विषय पर आवाज नहीं उठाई गई तो आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।इसलिए सभी नागरिकों को मतभेद भुलाकर आंदोलन का समर्थन करना चाहिए। महिलाओं ने कहा कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से चल रहा है। उनका उद्देश्य किसी तरह का टकराव नहीं, बल्कि अपनी समस्याओं का न्यायसंगत समाधान प्राप्त करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि क्षेत्रवासियों का साथ मिलने पर उनकी मांगें प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचेंगी।

### मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा संघर्ष

आंदोलन के दौरान महिलाओं ने एकजुटता के नारे लगाए और कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने संकेत दिए कि आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। साथ ही प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की।

# कपसाड़ कांड, ललिता गौतम हत्याकांड में बड़ा अपडेट

**मेरठ में भ्रष्ट सिपाही को कोर्ट ने भेजा जेल**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , कपसाड गांव में हुए अपहरण और हत्या के आरोपी पारस की उम्र निर्धारित किये जाने के मामले में न्यायालय अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश पोक्सो अधिनियम मेरठ मोहम्मद बाबर खान ने आरोपी को मामले में बालिग मानते हुए किशोर न्याय बोर्ड के आदेश को सही पाते हुए अपील खारिज कर दी।पीड़ित पक्ष की ओर से उसके अधिवक्ता राजेंद्र कुमार एवं सरकारी वकील नरेंद्र चौहान ने बताया कि दिनांक 8 जनवरी 2026 को कपसाड गांव में दलित युवती के अपहरण करने और उसकी मां की हत्या करने के आरोप में थाना सरधना में मुकदमा पंजीकृत हुआ था।इस मामले में आरोपी पारस के अधिवक्ता बलराम सोम ने उसकी हाईस्कूल की मार्कशीट दाखिल करते हुए नाबालिग होना बताया था।वहीं जुनायल जस्टिस बोर्ड ने पारस का मेडिकल, उम्र निर्धारण के लिये कराया था।जिस पर सुनवाई करते हुए जुनायल जस्टिस बोर्ड ने पारस को बालिग घोषित किया था। उसके विरूद्ध मेरठ जिला सैशन न्यायालय में आरोपी की और से अपील दायर की गई थी जिस पर दोनों पक्षों की बहस होने के बाद न्यायालय ने किशोर न्याय बोर्ड के आदेश को सही पाते हुए आरोपी को बालिग माना और उसके द्वारा दायर अपील को आधार न पाए हुए खारिज कर दिया।ललिता गौतम हत्याकांड में आरोपी अंकित की जमानत खारिजन्यायालय अपर जिला विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट मेरठ अमित वीर सिंह ने ललिता गौतम हत्याकांड में आरोपित अंकित पुत्र देवेंद्र निवासी ग्राम कल्याणपुर जिला मेरठ का जमानत प्रार्थना पत्र गंभीर पाते हुए खारिज कर दिया। सरकारी वकील शिवम् गुप्ता एवं वादी अधिवक्ता राजेंद्र सिंह के अनुसार वादी मुकदमा देव प्रकाश में थाना टीपी नगर मेरठ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 15 में 2026 को उसकी पुत्री ललिता गौतम बीए की परीक्षा देने आरजी कॉलेज मेरठ गई थी।

# इंश्योरेंस एजेंट बनकर 10 करोड़ की ठगी-3 गिरफ्तार

## गूगल से डाउनलोड करते थे फर्जी आईडी, 4 राज्यों में फैला था नेटवर्क

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद ,बीमा पॉलिसी बेचने के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपये की साइबर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। तीनों 12वीं पास हैं और पहले एक इंश्योरेंस ब्रोकिंग कंपनी में कॉलिंग का काम करते थे।यहीं से इन्होंने ग्राहकों का डेटा जुटाया और बाद में उसी के जरिए ठगी का नेटवर्क खड़ा कर लिया। पुलिस के मुताबिक गैंग अब तक 100 से ज्यादा लोगों को 10 करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगा चुका है। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया- गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पंकज शर्मा, उपेंद्र शर्मा और आदित्य यादव उर्फ मोनू के रूप में हुई है। इनके कब्जे से पांच मोबाइल, एक लैपटॉप, एक बलेनो कार और करीब 2.5 करोड़ रुपये की ठगी से जुड़ी फर्जी बीमा पॉलिसियां और दस्तावेज बरामद हुए हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि गैंग उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक के लोगों को अपना शिकार बना चुका है।दिल्ली-एनसीआर के कई लोगों से भी ठगी की गई है।अब तक चार राज्यों की नौ घटनाओं का खुलासा हो चुका है।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पहले नोएडा की एक इंश्योरेंस ब्रोकिंग कंपनी में साथ काम करते थे।2022 से उन्होंने लैप्स हो चुकी बीमा पॉलिसियों का डेटा निकालना शुरू किया। इसके बाद संबंधित ग्राहकों को कॉल कर खुद को बीमा कंपनी का प्रतिनिधि बताते थे और पॉलिसी दोबारा चालू कराने या नई पॉलिसी दिलाने के नाम पर रकम बैंक खातों में जमा करा लेते थे।चूंकि उनके पास ग्राहकों की पॉलिसी का पूरा ब्योरा होता था, इसलिए लोग आसानी से उनके झांसे में आ जाते थे।पैसे मिलने के बाद आरोपी लैपटॉप में ऐप की मदद से फर्जी रसीद और दस्तावेज तैयार कर ग्राहकों को भेज देते थे।पुलिस के मुताबिक आरोपी गूगल से बीमा कंपनियों के कर्मचारियों के आई-कार्ड डाउनलोड करते थे।फिर उन्हें एडिट कर व्हाट्सएप पर भेजते थे, ताकि लोग उन्हें असली एजेंट समझ लें।पूछताछ में सामने आया कि आदित्य यादव 'अनुराग तिवारी', पंकज शर्मा 'वरुण मिश्रा' और प्रमोद हरीश चंद्र छेबड़े 'राहुल राठौर' बनकर लोगों को कॉल करते थे। वहीं नितिन कसाना उन्हें बीमा कंपनियों का डेटा और साइबर ठगी के लिए इस्तेमाल होने वाले बैंक खाते उपलब्ध कराता था। पुलिस के अनुसार, नितिन कसाना पहले भी साइबर ठगी के मामले में मुंबई जेल जा चुका है।जांच में भोपाल निवासी अनिल जैन से 12.5 लाख रुपये, बेंगलुरु निवासी साइमन सी. थॉमस से करीब 1.25 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र की शर्मिला लोबो से 2 लाख रुपये, गणपत महादेव गुवाड़े से 6.7 लाख रुपये और समीर रविंद्र केलुस्कर से 4 लाख रुपये की ठगी का खुलासा हुआ है।

# पंचमुखी बालाजी' कांवड़ लेकर निकला बजरंगी युवा ग्रुप

## गौमाता को राष्ट्रमाता बनाने की उठाई मांग, नशे को शिव का प्रसाद बताने वालों पर भी उठाए सवाल

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,सावन की कांवड़ यात्रा में इस बार दिल्ली के मंगोलपुरी से आए बजरंगी युवा ग्रुप की पंचमुखी बालाजी थीम वाली विशाल कांवड़ लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। करीब 32 सदस्यों का यह समूह हरिद्वार से जल लेकर दिल्ली की ओर रवाना हुआ है। ग्रुप का कहना है कि यह उनकी पहली भव्य कांवड़ है, जिसे बजरंगबली के प्रति आस्था और सेवा भाव के साथ तैयार किया गया है।ग्रुप के सदस्य सुमित बजरंगी ने बताया कि कांवड़ को बारिश से बचाने के लिए पूरी तरह तिरपाल से ढका गया है, ताकि लाइटिंग और अन्य व्यवस्थाओं पर कोई असर न पड़े।उनका दावा है कि रात के समय यह कांवड़ अपने भव्य स्वरूप में अलग ही आकर्षण का केंद्र बनती है। सुमित ने कहा कि उनकी मनोकामना है कि देश हिंदू राष्ट्र बने और गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा मिले। उन्होंने कहा कि गौमाता को राष्ट्रमाता बनाने के लिए निकाली जा रही यात्राओं का उनका समूह पूरा समर्थन करता है और जहां भी ऐसी यात्रा होगी, वहां उनकी भागीदारी रहेगी। साथ ही उन्होंने सरकार से भी इस दिशा में कदम उठाने की अपील की।नशे के साथ कांवड़ यात्रा पर जताई आपत्तिबजरंगी युवा ग्रुप ने कांवड़ यात्रा में नशे का सामान लेकर चलने वालों पर भी सवाल उठाए। सुमित ने कहा कि अगर कोई स्वयं को शिवभक्त बताता है तो उसे यात्रा पूरी श्रद्धा और पवित्रता के साथ करनी चाहिए।उन्होंने कहा कि उनके पूरे समूह के वाहन और डीजे में हुक्का, तंबाकू या किसी भी तरह का नशे का सामान नहीं मिलेगा। उनका कहना था कि भोलेनाथ के नाम पर नशे को बढ़ावा देना उचित नहीं है। सुमित ने कहा कि कुछ लोग नशे को 'शिवजी का प्रसाद' बताकर उसका सेवन करते हैं। उन्होंने कहा, ₹लोग कहते हैं कि यह शिवजी का प्रसाद है, इसलिए हम नशा करते हैं। लेकिन हमारी उनसे यही बात है कि भगवान शिव ने तो समुद्र मंथन के दौरान विष भी पिया था, तो क्या आप भी विष पी सकते हैं? अगर नहीं, तो शिवजी के नाम पर नशे का सेवन करना भी उचित नहीं है। ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि वे नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं।कांवड़ यात्रा के दौरान भी शाम को सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का आयोजन होता है।उनका कहना है कि इसका उद्देश्य युवाओं को नशे और गलत रास्तों से दूर कर भक्ति और समाज सेवा की ओर प्रेरित करना है अगले साल निकालेंगे भव्य रथ यात्राग्रुप ने बताया कि इस वर्ष पहली बार पंचमुखी बालाजी की विशाल कांवड़ निकाली गई है। यदि बाबा का आशीर्वाद रहा तो अगले वर्ष इससे भी अधिक भव्य और आकर्षक रथ यात्रा निकाली जाएगी, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आएंगे।

# एक्सीडेंट में बुलंदशहर के कारपेंटर की मौत

## बाइक से घर लौट रहा था, आवारा पशु से टकराया

अमन लेखनी समाचार



जेवर ,ग्रेटर नोएडा के दनकौर-सिकंदराबाद रोड परआवारा पशु से बाइक टकराने पर बुलंदशहर के 47 साल के कारपेंटर मौत हो गई। हादसा रात करीब 11 बजे बिजलीघर के पास हुआ।पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान बुलंदशहर जिले के औरंगाबाद निवासी अनीस के रूप में हुई है। वह दनकौर कस्बे में कारपेंटर का काम करते थेबुधवार रात काम खत्म करने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर बिजलीघर के पास अचानक एक आवारा पशु सड़क पर आ गया, जिससे उनकी बाइक टकरा गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अनीस अपने परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी और तीन छोटे बच्चे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों का कहना है कि अनीस की मौत से परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर आवारा पशुओं की समस्या लंबे समय से बनी हुई है।उनके मुताबिक, पहले भी कई सड़क हादसे इन पशुओं की वजह से हो चुके हैं।

# ग्रेटर नोएडा में एक्सीडेंट में दंपति की मौत

## बाइक से जा रहे थे, कार ने मारी टक्कर, अस्पताल में तोड़ा दम

अमन लेखनी समाचार



जेवर, ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार दंपत्ति की मौत हो गई। हादसा गंग नहर पटरी मार्ग पर बांजरपुर गांव के पास हुआ।तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### निजी कंपनी में करते थे नौकरी

मृतकों की पहचान रबूपुरा क्षेत्र के चचूरा गांव निवासी 38 साल के हरिकेश और उनकी पत्नी प्रियंका के रूप में हुई है। दोनों ग्रेटर नोएडा की एक निजी कंपनी में काम करते थे। रात ड्यूटी खत्म होने के बाद बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### कार छोड़कर भागा ड्राइवर

हादसा इतना भीषण था कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।हादसे के बाद कार चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।।रिजनों के अनुसार, हरिकेश और प्रियंका परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे।उनके छोटे बच्चे हैं।हादसे के बाद परिवार और गांव में शोक का माहौल है।

# गांजा तस्कर महिला से सांठगांठ करने पर सिपाही गिरफ्तार

## नौकरी से बर्खास्त, नोएडा में भ्रष्टाचार के मामले में दर्ज हुआ केस

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, नोएडा में गांजा तस्करी करने वाली महिला से कथित सांठगांठ के आरोप में एक सिपाही को गिरफ्तार कर सस्पेंड कर दिया गया है। सेक्टर-20 थाना पुलिस ने उसके खिलाफ भ्रष्टाचार संबंधी केस में मुकदमा भी दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, सोशल मीडिया पर दो वीडियो वायरल हुए।इनमें जिले में तैनात आरक्षी पुनीत एक महिला से संदिग्ध बातचीत करता दिखाई दे रहा है। शुरूआती जांच में पुलिस को अपराधियों से सांठगांठ और अनुचित लाभ लेने की आशंका मिली। वीडियो में गांजा तस्करी के लिए कुख्यात महिला हेमा भी दिखाई दे रही है। वीडियो में गांजे की कीमत पर बातचीत पहले वीडियो में महिला के सामने गांजा रखा दिखाई देता है। बातचीत के दौरान वह कहती है कि इस बार भेजा गया माल ठीक नहीं है और उसमें नशा कम है। दूसरी ओर से बात कर रहा व्यक्ति फोटो भेजने और गांजे की कीमत पूछता है। दूसरे वीडियो में महिला गांजे का ऑर्डर देती नजर आती है।

# फर्जी लेटरहेड व हस्ताक्षर के दुरुपयोग पर व्यापारी नेता ने दर्ज कराई शिकायत

अमन लेखनी समाचार



रेणुकूट/सोनभद्र। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन, नगर पिपरी के अध्यक्ष अजीत कुमार गुप्ता ने उनके नाम से फर्जी लेटरहेड एवं स्कैन किए गए हस्ताक्षर का दुरुपयोग किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व उनके संगठन के लेटरहेड और स्कैन किए गए हस्ताक्षर का गलत इस्तेमाल कर विभिन्न अधिकारियों को फर्जी पत्र भेज रहे हैं। इससे अधिकारियों को गुमराह करने के साथ-साथ व्यापारियों के बीच भ्रम और अशांति का माहौल उत्पन्न हो रहा है तथा संगठन की छवि भी धूमिल हो रही है। इस मामले में उन्होंने रिहंद उत्पादन निगम के अधिशासी अभियंता (सिविल खंड) अविनाश सिंह से मुलाकात कर स्पष्ट किया कि उनके द्वारा निगम अथवा उसके किसी अधिकारी को ऐसा कोई पत्र जारी नहीं किया गया है। उन्होंने अनुरोध किया कि भविष्य में यदि उनके या संगठन के नाम से कोई पत्र प्राप्त हो तो उसकी पुष्टि उनसे अवश्य कर ली जाए। इसके बाद अजीत कुमार गुप्ता ने पुलिस उपाधीक्षक एवं पिपरी थाना प्रभारी से मिलकर लिखित शिकायत दर्ज कराई तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर जो भी व्यक्ति फर्जी लेटरहेड एवं हस्ताक्षर के दुरुपयोग में संलिप्त पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सत्यव्रत सिंह की पुस्तक मैं और मेरी कविता का होगा प्रकाशन

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। जिले के साहित्यकार स्वर्गीय सत्यव्रत सिंह की पुस्तक ह्यमैं और मेरी कविताह्नका प्रकाशन होने जा रहा है ।यह उनके लेखों का संकलन है ।इस पुस्तक में उनके द्वारा विभिन्न अवसरों पर दिए गए भाषणों व लेखों का संग्रह है ।किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सत्यभूषण सिंह ने बताया कि उनके पिता सत्यव्रत सिंह ने हिंदी साहित्य की समृद्धि में राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा योगदान दिया है ।उन्होंने साहित्य की सभी विधाओं पर लेखनी चलाई है ।यह उनकी 19 वीं प्रकाशित पुस्तक होगी ।लगभग 200 पृष्ठों की इस पुस्तक में विभिन्न विषयों पर उनके लेखों का संकलन किया गया है ।वे अपने पीछे अप्रकाशित साहित्य का विशाल भंडार छोड़ गए हैं जिसके प्रकाशन के संकल्प के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं ।इस पुस्तक का प्रकाशन साहित्यग्राम प्रकाशन कर रहा है।

# डीएवी रिहंदनगर में तीन दिवसीय जोनल खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन

**, डीएवी अनपरा बना ओवरऑल चैंपियन**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंदनगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय डीएवी जोन-डी खेल प्रतियोगिता का सोनशक्ति स्टेडियम में समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में डीएवी अनपरा ने ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब जीता। डीएवी ओबरा दूसरे और डीएवी खड़िया तीसरे स्थान पर रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एनटीपीसी रिहंद परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक संजय असाटी थे। महिला मंडल की अध्यक्षा नीलू असाटी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने अतिथियों को सलामी दी। प्राचार्य राजकुमार ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और डीएवी जोन-डी की एआरओ संध्या पांडे का स्वागत किया। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में हाई जंप, ट्रिपल जंप, लॉन्ग जंप, रिले रेस, वॉलीबॉल, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉटपुट, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, योग, खो-खो और कबड्डी सहित विभिन्न खेल आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफियां प्रदान कीं। एनटीपीसी रिहंद प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी छात्राओं और खेल अधिकारियों को स्मृति उपहार तथा टी-शर्ट वितरित किए। अपने संबोधन में परियोजना प्रमुख संजय असाटी ने खेलों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। असाटी ने घोषणा की कि अगले वर्ष रिहंदनगर में बालक और बालिका दोनों वर्गों की जोनल खेल प्रतियोगिता आयोजित करने में एनटीपीसी हरसंभव सहयोग करेगा। प्राचार्य राजकुमार ने एनटीपीसी प्रबंधन को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। वरिष्ठ शिक्षक आर.के. झा ने प्रतिभागियों, शिक्षकों, अतिथियों और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संदीप दुबे तथा कक्षा 11 की छात्रा एनी नाज और अंश सिंह ने किया। इस अवसर पर मानव संसाधन विभाग के प्रमुख राजेश बोईपाई, रोशन कुमार, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, सीआईएसएफ अधिकारी, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बीएसए ने कस्तूरबा विद्यालय व एफएलएन प्रशिक्षण का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सहित ब्लाक संसाधन केंद्र बभनी पर चल रहे एफ एल एन प्रशिक्षण का अवलोकन किया। शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय ने कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सहित ब्लाक संसाधन केंद्र बभनी पर चल रहे बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान प्रशिक्षण का अवलोकन किया। कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बभनी अब इण्टर तक संचालित होना है, इसको लेकर वार्डेन को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही नवनिर्मित इण्टर कालेज के भवन का निरिक्षण किया और इस दौरान उन्होंने भोजनालय, डायनिंग हाल हॉस्टल, कक्षा कक्ष, शौचालय, विकलांग शौचालय, लैब, वाटर हार्वेस्टिंग आदि का निरिक्षण किए। निरिक्षण के बाद विद्यालय में तैनात वार्डेन रंजना यादव को आवश्यक निर्देश भी दिए। निरिक्षण के बाद बभनी ब्लाक संसाधन केंद्र में चल रही पांच दिवसीय बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान प्रशिक्षण का निरिक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले शिक्षकों को नियमित बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोरदेने को कहा साथ ही विद्यालय में नामांकन, बगैर आधार वाले बच्चों का भी नामांकन, गृह कार्य, समय-सारिणी, स्वच्छता और विद्यालय में बनने वाले एमडीएम का नियमानुसार पालन का निर्देश भी दिए।

# प्राथमिक विद्यालय पतेरीटोला में लगातार दो दिन निकले विषैले करैत, बच्चों को सुरक्षित निकाला गया

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। म्योरपुर शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पतेरीटोला में गुरुवार और शुक्रवार को लगातार दो दिन करैत प्रजाति के विषैले सांप निकलने से विद्यालय परिसर में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। हालांकि शिक्षकों और विद्यालय स्टाफ की सूझबूझ एवं तत्परता के चलते सभी बच्चों को समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया। घटना में किसी छात्र, शिक्षक या कर्मचारी को कोई नुकसान नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार गुरुवार को विद्यालय परिसर में करैत सांप दिखाई देने पर शिक्षकों ने तत्काल बच्चों को कक्षाओं से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर एकत्रित किया। इसके बाद परिसर की जांच कराई गई। अगले ही दिन शुक्रवार को फिर से एक करैत सांप दिखाई देने पर विद्यालय प्रशासन ने तत्काल वही प्रक्रिया अपनाते हुए बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की। प्रधानाध्यापिका सुभद्रा पांडेय ने बताया कि बरसात के मौसम में विषैले जीव-जंतुओं के निकलने की संभावना बढ़ जाती है। इसे देखते हुए विद्यालय प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है। विद्यालय परिसर की नियमित साफ-सफाई कराई जा रही है ताकि झाड़ियां, कूड़ा या अन्य ऐसे स्थान न रहें जहां सांप छिप सकें। उन्होंने बताया कि विद्यालय की दाई को भी विशेष निर्देश दिए गए हैं कि परिसर में सफाई के दौरान पूरी सावधानी बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या विषैले जीव के दिखाई देने पर तत्काल शिक्षकों को सूचना दें। साथ ही बच्चों को भी सतर्क रहने और किसी भी जीव-जंतु के दिखाई देने पर उसके पास न जाने की सलाह दी गई है। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बरसात के पूरे मौसम में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी, ताकि शिक्षण कार्य बिना किसी बाधा और सुरक्षित वातावरण में संचालित हो सके। स्थानीय लोगों ने भी विद्यालय प्रशासन की तत्परता की सराहना करते हुए परिसर में नियमित साफ-सफाई और आवश्यक सुरक्षा उपाय जारी रखने की मांग की है। विद्यालय में स्थिति पूरी तरह सामान्य है और शिक्षण कार्य सुचारु रूप से संचालित किया जा रहा है।

# अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए महाप्रबंधक ने विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से किया पुरस्कृत

अमन लेखनी समाचार



हाजीपुर। पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा, पटना में आयोजित समारोह में महाप्रबंधक ने वर्ष 2026 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत किया । समारोह का उद्घाटन महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह एवं अन्य उपस्थित गणमाण्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । इसके उपरांत महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार व अन्य अधिकारियों द्वारा रेल सप्ताह समारोह पुस्तिका का विमोचन किया गया ।इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव सहित मुख्यालय के उच्चाधिकारीण एवं पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक उपस्थित थे। समारोह के दौरान मुख्यालय एवं पांचों मंडलों के कल्चर टीम द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसे उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सराहा गया आज के इस समारोह में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा वर्ष 2026 में विशिष्टरेल सेवा पुरस्कार के लिये कुल 95 अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन हेतु विभागों/मण्डलों के मध्य 56 दक्षता एवं सर्वांगीण दक्षता शील्ड भी प्रदान किया गया आज के समारोह के दौरान समग्र क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य दक्षता के लिए 2026 का महाप्रबंधक ओवर ऑल एफिशिएंसी शील्ड धनबाद मंडल को प्रदान किया गया जबकि महाप्रबंधक एफिशिएंसी रनर्स अप कप सोनपुर एवं डीडीयू मंडल को संयुक्त रूप से दिया गया । पूर्व मध्य रेल में सफाई अभियान के लिए बड़े स्टेशनों की श्रेणी में डीडीयू जं. को, मध्यम श्रेणी के स्टेशनों में नरकटियागंज स्टेशन को तथा छोटे स्टेशनों की श्रेणी में राजगीर स्टेशन को स्वच्छता शील्ड प्रदान किया गया जनशिकायत निवारण में श्रेष्ठ प्रदर्शन से संबंधित रेल मदद शील्ड समस्तीपुर एवं सोनपुर मंडल को संयुक्त रूप से दिया गया समारोह के प्रारंभ में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि आपके सामूहिक प्रयासों से पूर्व मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यात्री सुविधाओं, सुरक्षा, संरक्षा, आधारभूत संरचना के विकास तथा राजस्व वृद्धि के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त हुई है । अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के आधुनिकीकरण का कार्य भी तेजी से प्रगति पर है। कर्मचारी कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। नियुक्ति, पदोन्नति अनुकंपा नियुक्ति, छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं । महाप्रबंधक ने कहा कि इन सभी उपलब्धियों का श्रेय आप सभी कर्मचारियों की मेहनत, निष्ठा और समर्पण तथा टीम भावना को जाता है । इस अवसर पर दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना, धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र, समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा एवं सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन सहित मुख्यालय एवं पांचों मण्डलों से आए अधिकारीकण, महिला कल्याण संगठन की सदस्यायें, पूर्व मध्य रेल के मान्यता प्राप्त यूनियन के अधिकारी एवं सदस्य तथा बड़ी संख्या में रेलकर्मी एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे ।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 31 दिवसीय निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जनपद के ग्रामीण, शिक्षित एवं बेरोजगार युवतियों/महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अग्रणी बैंक इंडियन बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), सोनभद्र में वूमेन्स टेलर (सिलाई) का 31 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. आरसेटी के निदेशक विशाल खन्ना ने बताया कि प्रशिक्षण में सिलाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के साथ-साथ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, प्रोजेक्ट तैयार करने, बैंक ऋण हेतु आवेदन करने एवं स्वरोजगार स्थापित करने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग की बेरोजगार युवतियां/महिलाएं आवेदन कर सकती हैं। बीपीएल/रएउउ-2011 परिवार के सदस्यों एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान से संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी आरसेटी भवन, सरकारी आईटीआई के पास, लोढ़ी टोल प्लाजा के पश्चिम, लोढ़ी, सोनभद्र में संपर्क कर सकते हैं।

# क्लीनिक से तमंचा और दो कारतूस बरामद, युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




कासिमपुर, हरदोई। अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, अवैध शस्त्रों और जुआ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कासिमपुर पुलिस ने एक युवक को तमंचा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार शाम करीब 5:15 बजे ग्राम बड़ागांव स्थित एक क्लीनिक में पुलिस टीम ने संदिग्ध युवक की तलाशी ली। इस दौरान उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने मौके से आरोपी अंकित पुत्र सूरजबली निवासी मोउद्दीनपुर मजरा जासू, थाना कासिमपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मामले में थाना कासिमपुर में मु0अ0सं0 335/26, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की उम्र करीब 23 वर्ष बताई गई है। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय हरदोई भेजने की कार्रवाई की गई। बरामदगीः एक तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस 315 बोर। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रियांक शर्मा, हेड कांस्टेबल जयकरन कुशवाहा और कांस्टेबल सुशील कुमार शामिल रहे।

# रोजगार मेला में कुल 94 अभ्यर्थियों का चयन

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिला सेवायोजन कार्यालय, सोनभद्र द्वारा दिनांक 07.08.2026 को प्रातः 10:00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, खुशबू बाग नर्सरी रोड (जिला अस्पताल के सामने) लोढ़ी, राबट्र्सगंज, सोनभद के परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेला में लगभग 270 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। मेला में कुल 08 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें मुख्यतः विजन इण्डिया प्रा०लि० (हिन्डालकों इन्डस्ट्रीज), सोनभद्र, विश्वनाथ इण्टरप्राइज (रायॅल इन्फिल्ड) सोनभद्र, जूनो फूड एप, सोनभद्र, ग्लोबल आटोटेक लि०, नोयडा, फ्लीप कार्ट, सोनभद्र, क्रेडिट एक्सीस ग्रामीण लि०, राबट्र्सगंज, सोनभद्र, सुलेरा इंडस्ट्रीज, सोनभद्र, वज एल०ई०डी० सोल्युशन प्रा०लि०, सोनभद्र इत्यादि रही।

# रॉबट्र्सगंज में सड़क किनारे वेंडिंग की समस्या होगी खत्म, ओवरपास के नीचे विकसित होगा आधुनिक वेंडर जोन

**एनसीएल ने सीएसआर के तहत रूपया 89.59 लाख की परियोजना को दी मंजूरी, स्ट्रीट वेंडरों को मिलेगा व्यवस्थित एवं सुरक्षित स्थान।**

**जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों से सोनभद्र के विकास को मिल रही गति, नगर क्षेत्र को बेहतर स्वरूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। प्रदेश सरकार की विकासपरक एवं जनहितकारी नीतियों के क्रम में जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों से जनपद सोनभद्र में विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है। जनसुविधाओं के विस्तार, नगर क्षेत्रों को व्यवस्थित एवं बेहतर स्वरूप प्रदान करने तथा आमजन की समस्याओं के प्रभावी समाधान की दिशा में विभिन्न स्तरों पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में रॉबट्र्सगंज नगर क्षेत्र में सड़क किनारे एवं सार्वजनिक स्थानों पर अव्यवस्थित रूप से लगने वाले ठेले, पटरी दुकानों एवं अन्य स्ट्रीट वेंडरों की समस्या के स्थायी एवं व्यवस्थित समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी सी0एस0आर0 के अंतर्गत रॉबट्र्सगंज में ओवर ब्रिज के नीचे उपलब्ध स्थान पर वेंडर जोन विकसित करने की परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना के लिए एनसीएल द्वारा रूपया 89,59,838.00 की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि परियोजना के पूर्ण होने से नगर क्षेत्र में सड़क किनारे एवं सार्वजनिक स्थानों पर अव्यवस्थित रूप से दुकानें लगाने वाले स्ट्रीट वेंडरों को निर्धारित, सुरक्षित एवं व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे स्ट्रीट वेंडरों की आजीविका को सुरक्षित एवं स्थायित्व मिलेगा तथा नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था, पैदल आवागमन, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण में भी सुधार होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार की विकासपरक नीतियों के अनुरूप जनपद में विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ जनसामान्य की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। एनसीएल की सीएसआर निधि से प्रस्तावित यह परियोजना रॉबट्र्सगंज नगर क्षेत्र को अधिक व्यवस्थित एवं सुविधायुक्त बनाने के साथ ही स्ट्रीट वेंडरों को सम्मानजनक एवं सुरक्षित आजीविका का अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। परियोजना का क्रियान्वयन एनसीएल मुख्यालय के सीएसआर विभाग एवं जिला प्रशासन, सोनभद्र के मध्य समझौता ज्ञापन एम0ओ0यू0 के माध्यम से किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार

# संयुक्त समायोजित शिक्षक संघ ने एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह का किया भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। संयुक्त समायोजित शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) देवेंद्र प्रताप सिंह के आवास पर पहुंचकर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर संघ के प्रतिनिधियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया तथा शिक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों ने समायोजित शिक्षकों की समस्याओं और विशेष रूप से शिक्षा मित्र से शिक्षक बने साथियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई। इस दौरान एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षा मित्रों से शिक्षक बने साथियों की मांग पूरी तरह न्यायसंगत है और उन्होंने इस विषय को सरकार के समक्ष मजबूती से रखने का आश्वासन दिया। एमएलसी ने बताया कि उन्होंने इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाया है तथा सरकार से आग्रह किया है कि शिक्षा मित्र से शिक्षक बने कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए और इस दिशा में हर संभव प्रयास किए जाएंगे। संयुक्त समायोजित शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि संगठन लंबे समय से समायोजित शिक्षकों के अधिकारों के लिए संघर्षरत है और पुरानी पेंशन बहाली उनकी प्रमुख मांगों में शामिल है। वहीं जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र शुक्ला एवं जिला मंत्री अजय सिंह ने एमएलसी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों की आवाज सदन तक पहुंचाने के लिए उनका सहयोग सराहनीय है। स्वागत कार्यक्रम में मंडल मीडिया प्रभारी पंकज पाण्डेय, धनेश सिंह, शिवप्रसाद शर्मा, प्रदीप सिंह, सुनील शर्मा, अखंड प्रताप मिश्र, संदीप सिंह गुरुचरण, सुरेश सिंह, उमा नाथ चौरसिया, नित्यानंद यादव, शिवकुमार सहित संयुक्त समायोजित शिक्षक संघ के दर्जनों शिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में बैठाने पर होगी सख्त कार्रवाई




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र ।जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षित एवं संरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि विद्यालयों में बच्चों के आवागमन हेतु संचालित ऑटो, टोटो, वैन, बस एवं अन्य वाहनों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। किसी भी वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर परिवहन किए जाने पर संबंधित वाहन चालक एवं संचालक के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक एवं यातायात संबंधी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा द्वारा अपने क्षेत्रान्तर्गत संचालित विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में बच्चों को लाने-ले जाने वाले ऑटो, टोटो, वैन एवं बसों की जांच की गई तथा वाहन चालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी दशा में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में न बैठाया जाए तथा यातायात नियमों का पूर्णतः पालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों के प्रधानाचार्यों/प्रधानाध्यापकों एवं प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विद्यालय द्वारा संचालित अथवा अनुबंधित सभी वाहनों का समय-समय पर सत्यापन कराया जाए।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



## रोमांटिक -स्पाई के बाद अब हॉरर फिल्म बनाएगा यशराज बैनर

**मुंबई।** अभिनेता वरुण धवन जल्द ही यशराज बैनर के साथ दूसरी बार काम करने वाले हैं। खास बात यह है कि अपनी रोमांटिक फिल्मों और स्पाई-थ्रिलर वर्ल्ड के लिए पहचाना जाने वाला यशराज बैनर अब पहली बार हॉरर फिल्म बनाने वाला है। इंडस्ट्री से जुड़े सूत्रों के मुताबिक यह फिल्म 2027 में रिलीज होगी। इसके जरिए यशराज पहली बार हॉरर जोनर में कदम रखेगा। इससे पहले बैनर ने स्पाई समेत लगभग हर जॉनर में फिल्म बनाई हैं। फिल्म में लीड रोल के लिए वरुण धवन को कास्ट किया गया है। सूत्रों के मुताबिक इस फिल्म का निर्देशन अभय पन्नू करेंगे। उन्होंने ही इस फिल्म की कहानी भी लिखी है। अभय पन्नू इससे पहले मशहूर सीरीज 'रॉकेट बॉयज' का भी निर्देशन कर चुके हैं।



लाइफ Style

# काजल

## आउटसाइडर कहे जाने पर छलका दर्द

भोजपुरी अभिनेत्री काजल राघवानी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उनका दर्द छलका है और वह इसलिए, क्योंकि उन्हें 'आउटसाइडर' कहा जाता है। भोजपुरी अभिनत्री काजल राघवानी भोजपुरी सिनेमा जगत का चर्चित नाम हैं। उन्होंने 80 से ज्यादा भोजपुरी फिल्मों में काम किया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिलहाल वे रियलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस बीच उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने ऐसे लोगों को जवाब दिया है, जो उन पर आरोप लगाते हैं कि वे खुद को 'गुजराती' और 'आउटसाइडर' बताकर काम मांगती हैं। काजल राघवानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया कि आखिर किसने उन्हें 'आउटसाइडर' कहा है? मगर, एक लंबा नोट लिखकर जवाब दिया है। उनका दर्द इस बात को लेकर छलका है कि कुछ लोग उन पर यह आरोप लगाते हैं कि वे आउटसाइडर होने का विक्टिम कार्ड प्ले करती हैं। साझा किए गए पोस्ट में काजल लिखती हैं, 'मैं गुजराती हूं। मैं बाहरी हूं। मैं रो-रोकर काम मांगती हूं या सहानुभूति ले रही हूं। दर्शकों से ये जितना मैंने नहीं बोला, उससे ज्यादा मुझे सुनाया गया या कुछ दिनों में महसूस करवाया गया उसके लिए बस इतना कहूंगी कि अगर मैंने कहीं बोला है तो ये कहा है ये मेरी कर्म भूमि है या मैं हमेशा प्रयास करूंगी इस इंडस्ट्री का या उन जनता का, जिसने मुझे इतना प्यार देकर यहां तक पहुंचाया। मुझे लगता है कि मैं यहीं की हूं। यहां हर चीज अपनी है'।

हॉलीवुड मसाला



## फिल्म ब्लूफ्लाई में आएंगी नजर

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा जोनस और ऑस्कर विजेता अभिनेता, निर्देशक रसेल क्रो एक साथ फिल्म 'ब्लूफ्लाई में नजर आएंगे। यह एक साइंस-फिक्शन एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। इस फिल्म को हॉलीवुड की चर्चित फिल्म 'प्रिडेटर्स' डायरेक्टर निम्रोद एंटल निर्देशित करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म 'ब्लूफ्लाई' इस फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में की जाएगी। 'डेडलाइन' के मुताबिक इस फिल्म से लिया बुमन, गाइ डेविस, रूथएन फ्रिगेरियो, ब्रायन कवानाघ जोंस, जेसन क्रिंगस्टीन, केटी लीरी, स्कॉट लेवेंसन और जेम्स नॉरबरी एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के तौर पर जुड़े हैं।



## फिल्मों में मेकअप आर्टिस्ट के तौर पर किया काम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों की आर्टिस्ट आवा गिर्लीज का 26 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह कार हादसे का शिकार हो गईं। उनके निधन पर परिवार ने भावुक बयान जारी किया है। आवा गिलीज ने पांच साल से ज्यादा समय तक मेकअप आर्टिस्ट के तौर पर काम किया। उनके मेकअप क्रेडिट्स में बार्बी, वंडर वुमन 1984 और स्नो व्हाइट जैसी हिट फिल्में और बिजर्टन, द क्राउन' और स्टार वॉर्स एकोलाइट जैसे टीवी शो शामिल हैं। परिवार के हवाले से पीपल ने लिखा 'आवा, हम हमेशा तुम्हें याद करेंगे। तुम्हारी हाजिरजवाबी, तुम्हारा आकर्षण, तुम्हारी सुंदरता, तुम्हारा जबरदस्त आत्मविश्वास, तुम्हारे कई हुनर और फिल्म व टीवी के लिए मेकअप के क्षेत्र में तुम्हारी महारत। हमारे साथ बिताए लगभग 27 वर्षों में तुमने बहुत कुछ किया। इसमें पढ़ाई, यात्रा और काम शामिल हैं। तुम्हें बड़ा करना और तुमसे प्यार करना हमारे लिए सौभाग्य की बात थी।'



## द पैराडाइज का धमाकेदार टीजर रिलीज...

**नई दिल्ली।** ''द पैराडाइज' इस वक्त पैन इंडियन सिनेमा की सबसे बड़ी और सबसे ज्यादा इंतजार की जा रही फिल्मों में से एक है। फिल्म में नेचुरल स्टार नानी लीड रोल में हैं और इसका निर्देशन चर्चित फिल्ममेकर श्रीकांत ओडेला ने किया है। 'दसरा' की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद दोनों एक बार फिर साथ आए हैं, जिससे यह फिल्म भारतीय सिनेमा की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में शामिल हो गई है। कई महीनों के इंतजार के बाद मेकर्स ने आखिरकार 'द पैराडाइज' का धमाकेदार टीजर रिलीज कर दिया है। टीजर शुरुआत से लेकर आखिर तक दमदार एक्शन और ड्रामे से भरपूर है। श्रीकांत ओडेला ने स्लम के बैकग्राउंड पर एक भव्य और रॉ दुनिया की झलक दिखाई है। टीजर में नेचुरल स्टार नानी बेहद दमदार और खौफनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं, जबकि राघव जुयाल एक खतरनाक विलन के रूप में दिखाई दे रहे हैं, जिससे दोनों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिलेगी।



## अदिति ने बांधे रणबीर की तारीफों के पुल...

**मुंबई।** रणबीर कपूर इन दिनों नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म 'रामायण' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म की चर्चा के बीच अदिति राव हैदरी ने रणबीर कपूर को जमकर सराहा है। उनके साथ अभिनय करने का पुराना अनुभव भी साझा किया है।

अदिति राव हैदरी ने रणबीर कपूर के साथ फिल्म 'रॉकस्टार' में अभिनय किया था, वह इस फिल्म में सहायक भूमिका में थीं। उनके और रणबीर कपूर के बीच भी रोमांटिक सीन्स फिल्म में थे। रॉकस्टार में अदिति ने शीना का रोल किया था। हाल ही में फिल्म रामायण की चर्चा के बीच वह रणबीर कपूर की एक्टिंग स्किल्स के बारे में काफी कुछ बोलीं। अदिति राव हैदरी कहती हैं, 'रणबीर के साथ काम करना जबरदस्त था। वह कमाल के हैं, सच में कमाल के हैं। वह मेरे पसंदीदा एक्टर्स में से एक हैं।

टीवी मसाला



## द ट्रेटर्स सीजन 2 में सेलिब्रिटीज को इशारों पर नचाएंगे करण

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो का रोमांच पसंद करने वाले दर्शकों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो ने अपने चर्चित अनस्क्रिप्टेड शो 'द ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है। जैसलमेर के ऐतिहासिक और भव्य सूर्यगढ़ पैलेस में शूट किया गया यह शो एक बार फिर माइंड गेम्स, धोखे और रणनीति का नया स्तर पेश करने के लिए तैयार है। इस बार भी बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक करण जौहर शो के 'मास्टरमाइंड' के रूप में वापसी कर रहे हैं, जो खिलाड़ियों को अपने इशारों पर नचाते नजर आएंगे। शो का नया सीजन न केवल भव्यता में आगे है, बल्कि इसकी थीम भी पहले से काफी डरावनी और सस्पेंस से भरी रखी गई है। इस बार करण जौहर के साथ 'बू नाम का एक रहस्यमयी नया कैरेक्टर भी दिखाई देगा, जो खिलाड़ियों के लिए बुरी खबरें लेकर आएगा। ट्रेलर की शुरुआत में ही करण जौहर यह कहते सुने जा सकते हैं कि यह खूबसूरत महल एक सपने जैसा लगता है और वह इस सपने को बुरे सपने में बदलने का इंतजार कर रहे हैं। इस बार खिलाड़ियों को गुप्त गठजोड़, 'सर्कल ऑफ शक' और टावर में होने वाले एलिमिनेशन जैसी मानसिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इस सीजन में खेल को दिलचस्प बनाने के लिए मनोरंजन, कॉमेडी, एक्टिंग और सोशल मीडिया जगत की 21 मशहूर हस्तियों को एक छत के नीचे लाया गया है।

### सेट पर देरी के लिए अमिताभ ने मांगी माफी

**नई दिल्ली।** 10 अगस्त से टीवी के पॉपुलर शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 18वां सीजन शुरू होगा। हाल ही में शो के होस्ट अमिताभ बच्चन ने इसका पहला एपिसोड शूट किया। इस दौरान अमिताभ ने दर्शकों के साथ खूब हंसी-मजाक किया। उन्होंने अपनी बढ़ती उम्र के बारे में भी काफी कुछ कहा। सबसे पहले तो अमिताभ ने शो की शूटिंग देरी से शुरू होने पर दर्शकों से माफी मांगी। उन्होंने कहा, 'हम सबसे पहले हाथ जोड़कर माफी मांगते हैं। देर होगी, क्योंकि आज यह इस नए सीजन की पहली रिकॉर्डिंग है। छोटी-मोटी तकनीकी चीजें सेट करने में वक्त लगता है।' आगे बिग बी ने अपनी वृद्धावस्था पर मजाक बनाने वालों को भी मजाकिया अंदाज में जवाब भी दिया। वह बोले, 'फिर कोई बोलेगा सर जो आपका चश्मा है वो गलत है। हमने कहा क्या गलत है यार? मैं पिछले 25 साल से यहीं तो चश्मा पहन रहा हूं। बोले नहीं सर, हमें पीला-पीला दिखता है। हमने कहा कि उसे थोड़ा सा रंग दिया है। तो बोले- नहीं सर वो गड़बड़ हो जाएगा।



## बंटवारा 1947 का नया गाना तबस्सुम आउट...

**मुंबई।** राजकुमार संतोषी की फिल्म 'बंटवारा 1947' का रोमांटिक गाना 'तबस्सुम' रिलीज हो गया है। एआर रहमान के संगीत और सोनू निगम की आवाज से सजा यह गाना प्रेम, उम्मीद और मानवीय संवेदनाओं को दर्शाता है। सिनेमा प्रेमी लंबे समय से निर्देशक राजकुमार संतोषी की आगामी ऐतिहासिक फिल्म 'बंटवारा 1947' का इंतजार कर रहे हैं। इस उत्सुकता के बीच 7 अगस्त को फिल्म का नया भावुक और रोमांटिक ट्रैक 'तबस्सुम' आधिकारिक रूप से श्रोताओं के सामने आ गया है। 1 मिनट 34 सेकेंड का यह वीडियो दर्शकों को उस दौर की एक ऐसी दुनिया में ले जाता है, जहां चारों तरफ फैले तनाव के बीच भी इंसानी रिश्ते, मासूमियत और मोहब्बत अपनी जगह बना लेते हैं। इस गाने में अभिनेता अली फजल, करण देओल, कनिष्का और ईशा की बेहद स्वाभाविक और भावनात्मक अदाकारी देखने को मिलती है। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले पेश किया गया यह गाना केवल एक रोमांटिक नंबर नहीं है, बल्कि यह कहानी के उन मुख्य किरदारों को सामने लाता है जो इस पूरी फिल्म की भावनात्मक नींव हैं।



### दिग्गज संगीतकारों की त्रिवेणी

संगीत के दृष्टिकोण से यह ट्रैक बेहद खास है। इसे ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान ने स्वरबद्ध और अरेंज किया है, जबकि इसके बोल प्रख्यात गीतकार जावेद अख्तर की कलम से निकले हैं। सोनू निगम और हीर की सुरीली आवाज ने इस रचना में एक अजीब सी रूहानियत भर दी है। गाने को जारी करते हुए जी म्यूजिक कंपनी और मेकर्स ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह एक ऐसा नाम है जिसमें जिंदगी के खूबसूरत रंग और एक न भूलने वाला अहसास छुपा हुआ है।

## कांवड़ यात्रियों का फेवरेट है अमित का ये गाना, 35 सालों से मचा रहा धूम

*नई दिल्ली। मौजूदा समय में कांवड़ यात्रा को लेकर काफी चर्चा हो रही है। तमाम शिव भक्त हर साल सावन के महीने का इंतजार करते हैं और कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं। इस दौरान सभी कांवड़िया ट्रक, गाड़ी और पैदल जाकर गंगा जी से जल लाकर महादेव का जलाभिषेक करते हैं। इस दौरान वे डीजे का भी इस्तेमाल करते हैं और रास्ते में उन पर शिव भजन बजाकर धूमधाम से कांवड़ यात्रा निकालते हैं। इस मामले में पिछले 35 सालों से किशोर कुमार के बेटे का एक गीत कांवड़ियों का फेवरेट बना हुआ है, जो इस यात्रा का मजा दोगुना कर देता है। बगैर गीत और भजन के कांवड़ यात्रा का आनंद सूखा-सूखा लगता है। कई शिव भक्त ट्रकों में बड़े-बड़े डीजे सेटअप लगाकर कांवड़ यात्रा पर जाते हैं। इस दौरान जो गाना डीजे पर बजता है, वह हर किसी का फेवरेट माना जाता है। उस गीत के बोल हैं- पीकर शंकर जी की बूटी...।*



### पीकर शंकर जी की बूटी

जी हां साल 1991 में रिलीज होने वाली शत्रुघ्न सिन्हा, जितेंद्र, डिंपल कपाड़िया और ऋषि कपूर स्टारर फिल्म रणभूमि से नाता रखने वाला ये गीत शिव भक्तों का एंथम माना जाता है। अभिनेता ऋषि कपूर पर फिल्माया गया ये गाना कांवड़ यात्रा में डीजे पर खूब बजता है और तमाम कांवड़िया इस पर डांस करते हुए नजर आते हैं। पीकर शंकर जी की बूटी... गाने को हिंदी सिनेमा के महान गायक रहे किशोर कुमार के बेटे और पॉपुलर सिंगर अमित कुमार ने गाया है। अमित की आवाज सुनकर आपको भी ये हैरानी होगी कि जैसे ये गीत शायद उनके पिता किशोर ही गा रहे हैं। इसके अलावा फीमेल वर्जन में गाने को गायिका कविता कृष्णमूर्ति ने गाया है।

### मुस्लिम गीतकार ने लिखे लिरिक्स

आपको ये जानकार हैरानी होगी कि भगवान शंकर के समर्पित पीकर शंकर जी की बूटी... गाने के एक लिरिक्स एक मुस्लिम गीतकार ने लिखे थे और वह कोई और नहीं, बल्कि मशहूर शायर और कवि असद भोपाली थे, जिनका पूरा नाम असदुल्लाह खान था। उन्होंने 100 से अधिक फिल्मों के करीब 400 से अधिक गीतों के बोल लिखे थे।

## उषा ने सुनाई दर्द भरी आप बीती, मुश्किलों से भरी रही निजी जिंदगी

# असली मां नहीं मानता बेटा, 80 की उम्र में रहती हैं अकेली

### चुनौती भरी रही जिंदगी

हिंसक माहौल में बड़े होने से लेकर अपने बेटे से दूर रहकर एक्टिंग कॅरियर को संभालने तक, उषा ने उन चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की है, जिन्होंने उनकी जिंदगी को आकार दिया। 80 साल की उम्र में भी, वह मुंबई में अकेले रहती हैं और काम करती रहती हैं।

### अकेले रहती हैं

एक बातचीत में उषा ने बताया कि वह 1987 से अकेले रह रही हैं। उनका बेटा अब विदेश में रहता है। उनके सभी भाई-बहनों के गुजर जाने के बाद, उन्होंने अकेलेपन को अपनाना सीख लिया है।

### अब डर नहीं लगता

उन्होंने कहा, 'मुझे इसकी आदत हो गई है। मैं 1987 से अकेले रह रही हूं। मुझे बिल्कुल भी डर नहीं लगता। जब मैं पहली बार अपनी बिल्डिंग में रहने आई थी, तब मुझे डर लगता था। मैं गार्ड से कहती थी कि वह मुझे मेरे दरवाजे तक छोड़े, क्योंकि मुझे डर लगता था कि कोई पीछे से मुझ पर हमला कर देगा। मगर अब मुझे डर नहीं लगता।'

*नई दिल्ली। दिग्गज अभिनेत्री उषा नाडकर्णी ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री मे लगभग सात दशक बिताए हैं। उन्होंने हिंदी, मराठी सिनेमा और टेलीविजन में यादगार अभिनय के लिए बहुत प्यार पाया है। वह सबसे ज्यादा 'पवित्र रिश्ता' में अपने किरदार के लिए मशहूर है। दर्शक उन्हे स्क्रीन पर एक दमदार अभिनेत्री के तौर पर जानते हैं, मगर उनकी निजी जिंदगी मुश्किलों और हिम्मत से भरी रही है।*



### नानी के यहां पला बेटा

उषा ने अपनी निजी जिंदगी के बारे में भी खुलकर बात की और बताया कि वह कई साल पहले अपने पति से अलग हो गई थीं। अलग होने के बावजूद, उन्होंने कहा कि उनके मन में अपने पति या उनके परिवार के लिए कोई कड़वाहट नहीं है। इस कपल का एक बेटा है, जो अब विदेश में रहता है। हालांकि, बचपन में वह उषा की मां के साथ रहता था, जिन्होंने उसकी देखभाल की, जबकि एक्ट्रेस काम में व्यस्त रहती थीं।

### बेटा नानी को मानता है मां

अपनी जिंदगी के उस दौर को याद करते हुए, उन्होंने एक दिल तोड़ने वाली बात भी बताई जो उनका बेटा अक्सर कहता है। उन्होंने कहा 'मेरा बेटा आज भी मुझसे कहता है कि मैंने उसे सिर्फ जन्म दिया है। उसकी असली मां तो मेरी मां ही थीं।'

***मौत से नहीं डरतीं :*** *दिग्गज एक्ट्रेस ने यह भी माना कि वह कभी-कभी मौत के बारे में सोचती हैं, खासकर इसलिए क्योंकि वह अकेले रहती हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें इससे कभी डर नहीं लगा। उन्होंने कहा 'लोग यह नहीं बता सकते कि उनकी मौत कैसे होगी। कुछ लोग सोते हुए गुजर जाते हैं, कुछ लोग अस्पताल में मरते हैं। मुझे जरा भी डर नहीं लगता। अगर मैं सोते हुए मर जाती हूं, तो मेरे पड़ोसी दरवाजा खटखटाएंगे और सोचेंगे, 'बुढ़िया ने दरवाजा नहीं खोला है'।'*

### हिंसक हो जाते थे पिता

*स्क्रीन पर सफलता पाने से बहुत पहले, उषा का बचपन बहुत मुश्किलों भरा था। उन्होंने बताया कि उनके पिता, जो एयर फोर्स में अफसर थे, बहुत हिंसक स्वभाव के थे और उनके गुस्से की वजह से परिवार हमेशा डर के साये में रहता था। एक्ट्रेस ने बताया कि छोटी-छोटी बातों पर भी उन्हें गुस्सा आ जाता था। अगर अखबार ठीक से मुड़ा न हो या स्कूल की किताबें ठीक से न रखी हों, तो वे अक्सर हिंसक हो जाते थे।*

### पिता ने किया हमला

*उन्हें एक घटना भी याद है जब उन्होंने अपने पिता को अपने भाई को पीटने से रोकने की कोशिश की थी। उन्होंने याद करते हुए कहा, 'एक बार, किसी वजह से मेरे भाई की पिटाई हो रही थी और मैंने अपने पिता को रोकने की कोशिश की। तब उन्होंने मुझ पर हमला किया। इससे मेरे हाथ में चोट लग गई। अगले ही दिन मेरा नाटक था। मैं चोट के साथ ही नाटक करने गई थी।'*

***मां ने नहीं दिया साथ :*** *उषा को बचपन से ही एक्टिंग का शौक था, लेकिन उस सपने को पूरा करना आसान नहीं था। पिता के सख्त स्वभाव से डरते हुए, उन्होंने सबसे पहले अपनी मां को इस बारे में बताया, उम्मीद थी कि वे साथ देंगी। मगर इसके उलट, उनकी मां ने इस विचार का कड़ा विरोध किया और उन्हें घर से भी निकाल दिया।*